दैनिक

**संस्करण :** जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO.RAJHIN /2013/52026

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 201 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक | बुधवार, 25 फरवरी 2026 | फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष नवमी , संवत्-2082

भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in · badhatarajasthan@yahoo.com · badhatarajasthan.dainik · badtarajasthan

**सेवातीर्थ में पहली मीटिंग**

## रेल-मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए 12,236 करोड़ मंजूर

# केरल का नाम अब केरलम, कैबिनेट की मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। इसमें कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं।

बैठक में पावर सेक्टर में सुधारों पर पॉलिसी से जुड़े फैसले हुए और केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। केरल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। कैबिनेट ने तीन नए रेल प्रोजेक्ट के तहत गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के डबलिंग, गम्हरिया-चांडिल और पुनारख-किऊल के बीच तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। साथ ही श्रीनगर में एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनेगा और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2बी का एक्सटेंशन होगा।



### प्रस्ताव केरल विधानसभा को भेजा जाएगा

कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा।

केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है। हिंदी और दूसरी भाषाओं में इसे केरल कहा जाता है। नाम बदलने का उद्देश्य केरल राज्य की पहचान, भाषा, संस्कृति और विकास को बढ़ावा देना है।

**शशि थरूर बोले- इंग्लिश में केरलवासियों को क्या कहेंगे**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीटर पर लिखा कि नाम बदलना ठीक है, लेकिन अंग्रेजी बोलने वालों के लिए एक छोटा सा भाषाई सवाल है। उन्होंने पूछा कि केरलाइट और केरलन शब्दों का क्या होगा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि केरलमाइट किसी सूक्ष्म जीव जैसा लगता है और केरलमियन किसी खनिज जैसा। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए सुझाव दिया कि नए शब्द के लिए प्रतियोगिता कराई जा सकती है।

### पहले 2 राज्यों का नाम बदला था

उत्तरांचल बना उत्तराखंड: 2007 में केंद्र सरकार ने उत्तरांचल का नाम उत्तराखंड करने के लिए एक बिल संसद में पारित किया। इस पर तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के हस्ताक्षर होते ही राज्य का नाम बदल गया। उड़ीसा बना ओडिशा: 2010 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने उड़ीसा को ओडिशा नाम में बदले जाने के बिल को मंजूरी दी थी।

## लोकसभा अध्यक्ष ने पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए

**थरूर-अखिलेश समेत 64 टीम लीडर्स; ये दूसरे देशों के साथ कूटनीतिक रिश्ते मजबूत करेंगे**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स का गठन किया है। इन ग्रुप्स का मकसद दूसरे देशों के साथ संसदीय कूटनीति को मजबूत करना और वैश्विक मंच पर भारत की संसद की एकजुट लोकतांत्रिक आवाज पेश करना है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम मोदी ने भारत और अन्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए पीएफजी बनाने का प्रस्ताव दिया था। अब लोकसभा अध्यक्ष ने इसका गठन किया है। 64 ग्रुप्स में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 704 सांसद हैं। हर ग्रुप में एक लीडर और 10 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 30 ग्रुप लीडर हैं। कांग्रेस के 10, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और तृणमूल कांग्रेस के 3-3 सांसद ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। भाजपा की तरफ से ग्रुप लीडर्स में हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, निशिकांत दूबे जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

## अंडमान में समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग

**तकनीकी खराबी आई; पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर में सवार सभी 7 लोग सुरक्षित**



बढ़ता राजस्थान

**श्री विजयापुरम (एजेंसी)।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। घटना के समय उसमें 5 यात्री और 2 पायलट सवार थे। इनमें 3 महिला, 3 पुरुष और एक बच्चा मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर ने सुबह 8.30 बजे पोर्ट ब्लेयर से अंडमान के मायाबंदर के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर के मायाबंदर पहुंचने के पहले ही उसमें खराबी आ गई। इसके बाद रनवे से 300 मीटर पहले ही समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग कराई गई। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि घटना में दोनों पायलट और 5 यात्री घायल हुए हैं। सभी को मायाबंदर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एआई समिट हंगामा- उदय भानु 4 दिन हिरासत में

**पुलिस बोली- आईवाईसी प्रेसिडेंट ही मास्टरमाइंड; कांग्रेस ने कहा- गिरफ्तारी मोदी की सनक का नतीजा**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एआई इम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें आज सुबह तिलक मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी और आरोप लगाया कि चिब ही घटना के मास्टरमाइंड हैं। प्रदर्शनकारी उनके निर्देश पर भारत मंडपम में आयोजित समिट में घुसे थे। चिब ने ही उनको लॉजिस्टिक हेल्प की थी। इधर एआई समिट मामले की जांच दिल्ली पुलिस की इंटर-स्टेट क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई।

**राजस्थान विधानसभा**

# बीजेपी विधायक बोले- टीकाराम जूली को भाजपा में होना चाहिए

**बड़ी सभ्यता से बोलते हैं; इनके बाकी नेता अजीब इशारे करते हैं, कोई हाथ हिलाता है**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में मंगलवार को बिजली और खाद्य से जुड़ी अनुदान मांगों पर बहस के दौरान डूंगरगढ़ से बीजेपी विधायक ताराचंद सारस्वत ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को भला आदमी बताते हुए उन्हें बीजेपी की विचारधारा वाला नेता बता दिया। सारस्वत अनुदान मांगों पर बोल रहे थे, इसी दौरान सदन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली दाखिल हुए। सारस्वत ने कहा- देखो, जूलीजी भी आ गए, जूली तो बहुत भले आदमी हैं। इनको तो भाजपा में होना चाहिए। इनकी विचारधारा तो भाजपा की है। जब बोलते हैं तो बड़ी शालीनता से और सभ्यता से बोलते हैं। इनके बाकी नेता तो कोई ऐसे हाथ करता है कोई अजीब इशारे करता है, कोई हाथ हिलाता है। इससे पहले शून्यकाल के दौरान व्यापारियों और आम लोगों को गैंगस्टर्स से मिलने वाली धमकियों का मामला गूंजा। निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी ने शून्यकाल में यह मामला उठाते हुए कहा- आज विदेश में बैठे गैंगस्टर्स, जेल में बैठे बदमाश धमका रहे हैं। हमें यूपी-बिहार, मुंबई की तर्ज पर गैंगस्टर्स को ठोंकने की आवश्यकता है। एक को ठोक देंगे तो बाकी में मैसेज जाएगा।



**बीजेपी विधायक बोले- नेता प्रतिपक्ष जूली भले आदमी हैं**

विधानसभा में बिजली और खाद्य से जुड़ी अनुदान मांगों पर बहस के दौरान डूंगरगढ़ से बीजेपी विधायक ताराचंद सारस्वत ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को भला आदमी बताते हुए उन्हें बीजेपी की विचारधारा वाला नेता बता दिया। सारस्वत अनुदान मांगों पर बोल रहे थे, इसी दौरान सदन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली दाखिल हुए। सारस्वत ने कहा- देखो, जूलीजी भी आ गए, जूली तो बहुत भले आदमी हैं। इनको तो भाजपा में होना चाहिए। इनकी विचारधारा तो भाजपा की है। जब बोलते हैं तो बड़ी शालीनता से और सभ्यता से बोलते हैं। इनके बाकी नेता तो कोई ऐसे हाथ करता है कोई अजीब इशारे करता है, कोई हाथ हिलाता है। सारस्वत ने कहा- जो 100 यूनिट की छूट ले रहे हैं, उनकी भी जांच करवाइए, क्योंकि इनमें से बहुत से अपात्र लोग हैं, जिनको फ्री बिजली की जरूरत ही नहीं है। गरीब का नंबर इसमें भी नहीं आ रहा है। कई बड़े-बड़े लोग इसका फायदा ले रहे हैं। गरीब इसमें भी पीछे रह गए।

## भागवत बोले- आरक्षण 200 साल भी देना पड़े तो सही

**उन्होंने दो हजार सालों तक भेदभाव सहा, फिर भी देश के साथ गद्दारी नहीं की**



बढ़ता राजस्थान

**देहरादून (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू समाज के एक हिस्से ने करीब दो हजार साल तक छुआछूत और भेदभाव सहा, लेकिन फिर भी उसने देश के साथ कभी विश्वासघात नहीं किया। उन्होंने कहा, ऐसे लोगों को बराबरी का हक दिलाने के लिए अगर दो सौ साल तक भी आरक्षण देना पड़े, तो समाज को इसके लिए तैयार रहना चाहिए। अगर अपने ही भाइयों को आगे बढ़ाने के लिए हमें कुछ नुकसान भी सहना पड़े, तो भी हमें पीछे नहीं हटना चाहिए।


आरएसएस प्रमुख सोमवार को उत्तराखंड के देहरादून में हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित प्रमुखजन गोष्ठी में पूर्व सैनिकों और अधिकारियों के साथ संवाद कर रहे थे।

इस दौरान भागवत ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोगों के पूर्वज एक हैं और उनकी रगों में एक ही खून बहता है। हिंदू बनने के लिए कुछ छोड़ना नहीं पड़ता, देश के प्रति निष्ठा ही पर्याप्त है और आज जिनका विरोध है, उन्हें भी कल जोड़ना है।

## युद्ध अभ्यास में शामिल नहीं हुआ तेजस

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर के पास जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के युद्ध अभ्यास वायु शक्ति- 2026 की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। सबसे पहले सुखोई एमकेआर 30 ने दुश्मन के रनवे और ठिकानों को तबाह किया। सुखोई ने दुश्मन के ठिकानों को टारगेट करते हुए 44 बम बरसाए। मिग-29 फाइटर जेट ने टैंकों का काफिला ध्वस्त किया। जैसे ही बम दुश्मनों के टारगेट पर गिरे, धूल का गुबार बन गया। वॉर जोन में आकाश मिसाइल ने टारगेट को हवा में ही उड़ा दिया। इसके साथ ही पहली बार सी-130 विमान रात में रनवे पर उतरा। गरुड़ कमांडो को लेकर वापस आया। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सी - 295 एयरक्राफ्ट एसॉल्ट लैंडिंग की। वॉर जोन में प्रचंड हेलिकॉप्टर भी उतरे। आसमान में दो जगुआर ने सुदर्शन फॉर्मेशन दिखाकर टारगेट एरिया को अप्रोच किया। इस दौरान पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में



ऑपरेशन सिंदूर की सर्जिकल स्ट्राइक को समझाया गया। इसमें बताया कि 73 फाइटर जेट देशभर के 8 एयरबेस से उड़ान भरी। युद्ध अभ्यास में तेजस फाइटर जेट को शामिल होना था, लेकिन शामिल नहीं हुआ। तेजस में तकनीकी गड़बड़ी की सूचना आई थी, इसके बाद से इस विमान को ग्राउंडेड करने की खबरें हैं। मुख्य आयोजन 27 फरवरी को होगा। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।




## पश्चिम बंगाल एसआईआर-ओडिशा-झारखंड के सिविल जज करेंगे वेरिफिकेशन में मदद

**सुप्रीम कोर्ट बोला- इनका खर्च चुनाव आयोग उठाए; 80 लाख दावों का निपटारा बाकी**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में सामने आए 80 लाख क्लेम निपटाने के लिए 2 राज्यों से सिविल जजों को तैनात करने की परमिशन दे दी है। कोर्ट ने आदेश दिया कि कलकत्ता हाईकोर्ट पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट एसआईआर प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए झारखंड-ओडिशा के सिविल जजों की मदद ले सकता है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि वह 28 फरवरी को बंगाल की फाइनल एसआईआर लिस्ट पब्लिश कर सकता है।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वेरिफिकेशन प्रोसेस आगे बढ़ता है तो पोल पैनल सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी कर सकता है। इससे पहले 20 फरवरी को, पश्चिम बंगाल सरकार और ईसी के बीच चल रही खींचतान से निराश होकर कोर्ट ने एसआईआर प्रोसेस में पोल पैनल की मदद के लिए मौजूदा और पूर्व जिला जजों को तैनात करने का निर्देश जारी किया था।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था- क्लेम से निपटने में 80 दिन लग सकते हैं

कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट को लिखे लेटर में बताया था कि 80 लाख लोगों के क्लेम से निपटने के लिए 250 डिस्ट्रिक्ट जजों को 80 दिन लग सकते हैं। इस पर एक्शन लेते हुए सीजेआई ने सिविल जजों की मदद लेने की परमिशन दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा कि वे झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से वहां के ज्यूडिशियल ऑफिसर भेजने की मांग रख सकते हैं। बेंच ने कहा कि इन ऑफिसरों का खर्च चुनाव आयोग उठाएगा।

राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान लिस्ट में से हटाए गए 80 लाख दावों में माता-पिता के नाम, वोटर और उसके माता-पिता के बीच उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना शामिल है।



### सुप्रीम कोर्ट ने किया अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पूरी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए आदेश जारी किया कि बंगाल में सप्लीमेंट्री इलेक्टोरल रोल में वोटरों को फाइनल लिस्ट में शामिल माना जाएगा। यह शक्तियां कोर्ट को संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली हैं। यह अनुच्छेद सुप्रीम कोर्ट को विशेष शक्ति देता है कि वह पूर्ण न्याय के लिए जरूरी आदेश या डिक्री जारी कर सके।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट किसी भी मामले में ऐसा आदेश दे सकता है जो पूर्ण न्याय के लिए जरूरी हो। वह आदेश पूरे भारत में लागू होगा। हालांकि यह शक्तियां असीमित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट संविधान और मौलिक अधिकारों के खिलाफ आदेश नहीं दे सकता। संसद के बनाए कानूनों का उल्लंघन नहीं कर सकता।

## सम्पादकीय

# अवैध कब्जे का निस्तारण, हल्द्वानी मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

लंबे समय से विवाद और तनाव के केंद्र में रहे उत्तराखंड के हल्द्वानी में बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे और साथ ही राज्य सरकार की जमीन पर अवैध तरीके से बसे लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने वहां से हटाने का फैसला करके वही किया, जो न्यायसंगत था। यदि यह मांग मान ली जाती कि अतिक्रमण करके बसे लोगों को वहीं रहने दिया जाए तो इससे न केवल करीब 30 हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा वैध हो जाता, बल्कि रेलवे के विस्तार की महत्वाकांक्षी परियोजना पर ग्रहण भी लगता। सुप्रीम कोर्ट ने यह सही कहा कि अवैध तरीके से बसे लोग यह तय नहीं कर सकते कि रेलवे रेल लाइन विस्तार के लिए अन्य विकल्प चुने, लेकिन इसी के साथ उसने इस जमीन से बेदखल होने वालों के प्रति जो मानवीय दृष्टिकोण अपनाया, उसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लगभग पांच हजार परिवारों के जो हजारों लोग रेलवे और उसके पास की राज्य सरकार की जमीनों पर रह रहे हैं, उनमें से पात्र लोगों को पीएम आवास योजना के तहत आवास दिए जाएं। इस फैसले पर केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ने पात्र परिवारों को विस्थापन के बाद छह महीने तक प्रति माह 2,000 रुपये भत्ता देने का भी वादा किया। पहली नजर में यह लग सकता है कि एक तरह से सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को पुरस्कृत किया जा रहा है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि इस कब्जे को लेकर न तो रेलवे समय रहते चेता और न ही उत्तराखंड सरकार। यह एक तथ्य है कि आम तौर पर सरकारी विभाग अपनी जमीनों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जे को लेकर उदासीन बने रहते हैं और फिर यकायक अपनी जमीन खाली कराने की सुध लेते हैं। इससे वहां रह रहे लोगों के सामने संकट खड़ा हो जाता है। उनके रहने का ठिकाना छिनने के साथ ही उनकी रोजी-रोटी भी प्रभावित होती है। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले को नजीर न माना जाए और उसने जो मानवीय दृष्टिकोण अपनाया, वह मदद ज्यादा और अधिकार कम है। देश में हजारों एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे हैं। इसके लिए कब्जा करने वालों के साथ वे विभाग भी जिम्मेदार हैं, जो अपनी जमीनों पर कब्जे के समय आंखें मूंदे रहते हैं। यदि सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराना है तो वहां दशकों से रह रहे लोगों के पुनर्वास के बारे में कोई ठोस नीति बनानी होगी। ध्यान रहे अपने देश में अपनी ही जमीनों पर बसे लोगों को जब



किसी परियोजना के चलते विस्थापित किया गया तो उनमें से भी अनेक का न तो ढंग से पुनर्वास किया गया और न ही उनकी आजीविका की चिंता की गई। निःसंदेह सरकारी अथवा गैर-सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे मुक्त होने चाहिए, लेकिन मानवीय दृष्टिकोण के साथ।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

- 25 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1586 - अकबर के दरबारी कवि बीरबल विद्रोही यूसुफजई के साथ एक लड़ाई में मारे गये।
- 1788 - पिट्स रेग्यूलेट्री एक्ट पारित किया गया।
- 1921 - जार्जिया की राजधानी तिब्लिसी पर रूस ने क़ब्ज़ा किया।
- 1925 - जापान और पूर्व सोवियत संघ के बीच राजनयिक रिश्ते कायम हुये।
- 1945 - द्वितीय विश्व युद्ध में तुर्की ने जर्मनी के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- 1952 - नार्वे की राजधानी ओस्लो में छठे शीतकालीन ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
- 1760 - लॉर्ड क्लाइव ने पहली बार भारत छोड़ा और 1765 में वापस लौटे। रॉबर्ट क्लाइव ईस्ट इंडिया कंपनी की तरफ से भारत के पहले गवर्नर जनरल
- 1962 - देश के तीसरे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई। जवाहरलाल नेहरू तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।
- 1975 - सऊदी अरब के तत्कालीन शासक शाह फैसल की उनके ही भतीजे फैसल बिन मुसाद ने हत्या कर दी थी।
- 1980 - ब्रिटेन ओलंपिक संघ ने ब्रितानी सरकार के विरोध और दबाव के बावजूद उसी वर्ष जुलाई में मॉस्को में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल होने का फैसला किया था।
- 1986 - मारिया कोराजोन अकीनो के फिलीपिंस की राष्ट्रपति बनने के साथ ही देश में तानाशाह फर्डिनांड मार्कोस का शासन भी खत्म हो गया।
- 1988 - सतह से सतह तक मार करने वाली भारत की प्रथम मिसाइल पृथ्वी का सफल प्रक्षेपण हुआ।
- 1995 - असम में ट्रेन में दो बम ब्लास्ट हुए। सेना के 22 जवानों की मौत।
- 2000 - रूस की निचली संसद ड्यूमा द्वारा भारत के साथ द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि का अनुमोदन।

## विशेष आलेख

# सिल्वर सुनामीः 'जब बाल सफेद हो जाते हैं तो क्या समाज की आंखें पथरा जाती हैं'



अमिता शर्मा



किसी भी समाज की असलियत देखनी हो, तो उसके चमकते मॉल मत देखिए, बल्कि उन घरों के बंद दरवाजों के पीछे झाँकिए ,जहाँ बुढ़ापा एक कोने में चुपचाप बैठा अपनी बारी का इंतज़ार कर रहा है। आज हम एक ऐसे शब्द के मुहाने पर खड़े हैं जो सुनने में तो आधुनिक है 'सिल्वर सुनामी', लेकिन इसका अर्थ बहुत गहरा है। यहाँ 'सिल्वर' का अर्थ है वो सफेद बाल जो तजुर्बे की धूप में पककर तैयार हुए हैं, और 'सुनामी' यानी बुजुर्गों की वह बढ़ती लहर जो हमारे युवाओं के देश की ओर बड़ी खामोशी से बढ़ रही है। क्या हम इस सैलाब को संभालने के लिए तैयार हैं या हमने मान लिया है कि जो थक गया, वह पीछे छूट गया? हम अक्सर 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' यानी युवा आबादी का ढोल पीटते हैं, लेकिन क्या हमने उन आंकड़ों को गौर से देखा है? हालिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि 2050 तक भारत की कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी लगभग 20त्न यानी करीब 34 करोड़ होने का अनुमान है। यह कोई साधारण बदलाव नहीं है, यह उन करोड़ों लोगों की कहानी है जिन्होंने अपनी जवानी इस देश की बुनियाद रखने में खपा दी। केरल जैसे राज्य आज जिस जनसांख्यिकीय बदलाव( सिल्वर सुनामी )का सामना कर रहे हैं, वह कल पूरे देश की हकीकत होने वाली है। आज जब उनके शरीर साथ छोड़ रहे हैं, तब क्या हम उन्हें केवल एक 'बोझ' या 'आंकड़ा' समझकर छोड़ देंगे?

आज के दौर में जब हर चीज़ को मुनाफे की तराजू पर तौला जाता है, तो चर्चा 'सिल्वर इकॉनमी' की होने लगती है। बाज़ार को समझ में आ गया है कि बुजुर्गों की जरूरतें अब एक बड़ा बिजनेस हैं। विशेष गैजेट्स, आरामदायक कुर्सियां और दवाइयों का एक विशाल बाज़ार तैयार हो रहा है, यह अच्छी बात है कि बाज़ार उन्हें देख रहा है, पर क्या समाज उन्हें देख रहा है? क्या बाज़ार वह अकेलापन दूर कर सकता है जो एक बुजुर्ग तब महसूस करता है जब घर का इकलौता चिराग बेहतर भविष्य की तलाश में सात समंदर पार बस जाता है? कहा जा रहा है कि तकनीक ने दूरियां मिटा दी हैं, व्हाट्सएप वीडियो कॉल और ऑनलाइन डॉक्टरों ने जीवन आसान किया है, पर क्या एक मोबाइल की स्क्रीन उस ठंडे हाथ की गर्माहट का मुकाबला कर सकती है जो बीमार माँ का माथा सहलाता है? 'रिवर्स मेंटरिंग' ज़रूरी है, पोते-पोतियों को दादा-दादी को इंटरनेट सिखाना चाहिए, लेकिन क्या हमारे पास इतना वक्त है कि हम उनसे वह अनुभव और कहानियाँ सुन सकें जो किसी गूगल सर्च में नहीं मिलेंगी?

विशेषज्ञ अक्सर सवाल उठाते हैं कि हमारी व्यवस्था ने बुजुर्गों को हाशिए पर धकेल दिया है। क्या हमारे शहर उनके चलने लायक हैं? क्या सरकारी अस्पतालों में एक बुजुर्ग को कतार में खड़े होने की ताकत बची है? 'सिल्वर इकॉनमी' का लाभ केवल संपन्न वर्ग तक सीमित रहने का खतरा है, जबकि गरीब और असंगठित क्षेत्र के बुजुर्गों के लिए पेंशन और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी आज भी एक कड़वी सच्चाई है। हमें यह समझना होगा कि केवल पेंशन पर्याप्त नहीं है; हमें 'जेरियाट्रिक केयर' (वृद्धों की विशेष चिकित्सा) को अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा का हिस्सा बनाना होगा और मोहल्ला क्लीनिकों की तर्ज पर सामुदायिक स्तर पर 'एल्डर-सपोर्ट' सिस्टम विकसित करना होगा। भारत का स्वास्थ्य ढांचा अभी इस बदलाव के लिए तैयार नहीं है, ।

जैसे सुनामी से बचने के लिए सुरक्षा तट बनाए जाते हैं, वैसे ही हमें अपने शहरों को 'एज-फ्रेंडली' बनाना होगा; फुटपाथ, सार्वजनिक परिवहन और अस्पतालों का डिजाइन ऐसा हो जहाँ एक बुजुर्ग गरिमा के साथ चल सके। यहाँ समाज और स्वयंसेवी संगठनों को भी आगे आना होगा ताकि बुजुर्गों के अनुभव को उत्पादक सामाजिक कार्यों में बदला जा सके। उम्र का बढना कोई गुनाह नहीं है, यह प्रकृति का सत्य है, लेकिन सम्मान के साथ न जी पाना समाज का गुनाह है। आज जो युवा हैं, वे आज के बुजुर्गों में अपना भविष्य देख सकते हैं। अगर आज हमने उनके लिए एक सुरक्षित दुनिया नहीं बनाई, तो कल हम भी उसी तन्हाई के वारिस होंगे। सवाल यह नहीं है कि भारत कब 'सुपरपावर' बनेगा, सवाल यह है कि क्या भारत अपने बुजुर्गों के लिए 'सुपर' बनेगा? सोचिएगा ज़रूर।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# दौलत की फाइलें, भरोसे के सवाल

## अधिकारियों की संपत्ति के खुलासे ने पारदर्शिता और जवाबदेही पर नई बहस छेड़ी



डॉ. प्रियंका सौरभ

*लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं।*

हरियाणा के आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। जब जनता के सामने यह तथ्य आते हैं कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है—जमीन, प्लॉट, मकान, फार्महाउस या अन्य निवेश तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में जिज्ञासा और सवाल दोनों पैदा होते हैं। यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जो जनता प्रशासन और शासन पर करती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कानून लागू करते हैं, अपराध पर नियंत्रण रखते हैं और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा करते हैं। ऐसे में जब उनकी आर्थिक स्थिति चर्चा का विषय बनती है, तो जनता यह समझना चाहती है कि यह संपत्ति किस प्रकार अर्जित हुई, क्या यह पूरी तरह वैधानिक है, और क्या इस पर निगरानी की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है। संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। इससे शासन की पारदर्शिता बढ़ती है और नागरिकों को यह अधिकार मिलता है कि वे सत्ता से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत भी यही है कि सत्ता जनता से छिपी हुई नहीं होनी चाहिए। भारत में कई वर्षों से यह परंपरा रही है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण सरकार को देते हैं। लेकिन जब यह जानकारी सार्वजनिक होती है, तब उसका महत्व और बढ़ जाता है क्योंकि तब समाज स्वयं भी उस पर नजर रख सकता है। हालाँकि, केवल आंकड़े सामने आ जाने से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली प्रश्न यह है कि क्या इन विवरणों की गंभीरता से जांच भी होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि घोषित संपत्ति वास्तविकता से मेल खाती है? क्या आय के स्रोत पूरी तरह स्पष्ट हैं? यदि यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाए तो पारदर्शिता का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। पारदर्शिता तभी सार्थक होती है जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि सरकारी सेवाओं में काम करने वाले सभी अधिकारियों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। देश में अनेक ऐसे अधिकारी हैं जिन्होंने ईमानदारी, सादगी और सेवा भावना की मिसाल कायम की है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। कई अधिकारी ऐसे भी हैं जो वर्षों तक दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं। इसलिए किसी भी चर्चा को संतुलित दृष्टि से देखना आवश्यक है। कुछ मामलों के आधार पर पूरे तंत्र को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### हअमीर आदमी-गरीब आदमी

हमेशा पैसों के पीछे. ही भागता रहा घनश्याम,मानों की उसके जीवन का उद्देश्य भी सिर्फ और सिर्फ पैसा ही हो,इसलिए घर परिवार का ख्याल भी नहीं रख्खा बस दिन,दोपहर सुबह और शाम सिर्फ दौड़ता ही रहा.. आज दो दशक के संघर्ष के बाद घनश्याम अमीर आदमी बन गया। उसके पास एक बंगला है,दो तीन गाड़ी हैं, दो पुत्री हैं, दोनों की शादी कर दी है। कारोबार काफी बड़ा बना लिया। अब घर से ही काम करता है, कभी कभार फैक्ट्री चला जाता है। पत्नी थोड़ी धार्मिक प्रवृति की है। ऐसे में कभी कभार धर्म का काम भी किया करता है। उसके एक नौकर काम करता है,उसका नाम राजू है। राजू बेहद गरीब इंसान है गाँव में रहता है। सप्ताह में एक बार गाँव चला जाता है। गाँव में थोडी सी जमीन है उसी से गुजर बसर चलती है। इधर भागदौड़ और निन्याणवे के फेर में घनश्याम के कब दवाई का पुलिंदा बंध गया उसे पता ही नहीं चला। सुबह उठते ही सबसे पहले थायराईड की नीली वाली दवाई। उसके बाद फीकी चाय उसके साथ शुगर फ्री बिस्किट के बाद शुगर की दवा सुबह के नाश्ते के बाद बीपी की दवा उसके बाद हार्ट की दवा उसके बाद शाम को हाथ पांव के दर्द का चूर्ण और रात को सोते समय नींद की गोली। गोली के बाद भी उसे नींद नहीं आती कई बार पूरी रात करवटें बदलकर ही निकलती हैं। इधर खान पान भी उबली सब्जी और फिकी व बेस्वाद सी चाय या उबली हुई दाल ही जीवन यापन का एक सहारा बनी हुई हैं। लेकिन घनश्याम पैसे वाला है और समाज में एक बड़े घराने में गिना जाता है तो घर आने जाने वालों का तांता ही लगा रहता है। इसलिए घर में मंहगी मंहगी मिठाई आती रहती है। लेकिन मीठाई का आनन्द राजू ही उठाता है। दिन भर देशी घी की मीठाई और चुपडी रोटी और रात को थक जाने के बाद घोडे गधे बेच कर ऐसी नींद आती है कि सुबह मुर्गे की बांग से भी नींद नहीं खुलती। सप्ताह के अंतिम दिन जब घर जाता है तो परिवार जनों के लिए आए हुए मिठाई के डिब्बे ले जाता है चुरा कर नहीं ले जाता बल्कि घनश्याम की पत्नी को उसे मजबूरी में देने ही पड़ते हैं क्योंकि उसे भी शूगर है इसलिए फैंकने से अच्छा है कि किसी के मुँह तो पड़े। तो साहब पूरी मौज में है राजू.. अब मैं तो समझदार कम ही हूं इसलिए आप ही बताएं कि अमीर कौन है घनश्याम या राजू?

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी अलवर**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# गंजे सिर पर उग आएंगे नए बाल, बस नारियल तेल में मिक्स करके लगाएं ये 2 चीजें

आवश्यक सामग्री- नारियल का तेल रोजमेरी की पत्तियां कैस्टर ऑयल

विधि- इस तेल को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में पानी गर्म कर लें। अब एक कटोरी लें और इसमें नारियल तेल और रोजमेरी की पत्तियों डाल दें। अब इस पानी को कम से कम 20 से 25 मिनट तक उबलने दें। इसके बाद तेल को छान लें और इसमें कैस्टर ऑयल मिला लें। आपका तेल तैयर हो गया है।

कैसे करें इसका प्रयोग? इस तेल को अपने स्कैल्प और बालों में लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे 1-2 घंटे



तक बालों में लगा रहने दें। आप चाहें तो इसे रातभर भी बालों में लगाकर रख सकते हैं। उसके बाद किसी माइल्ड शैंपू की मदद से बालों को धो लें। इससे न सिर्फ बालों का झडऩा कम होगा, बल्कि तेजी से बाल लंबे भी होंगे। इसके साथ ही, नए बाल उगना भी शुरू हो जाएंगे।

**घर पर बने तेल से होने वाले फायदे**

बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए नारियल तेल बहुत फायदेमंद होता है। यह बालों को गहराई से पोषण देता है, जिससे बाल मजबूत होते हैं और बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद मिलती है। वहीं, कैस्टर ऑयल बालों की जड़ों को मजबूती देता है और बालों को लंबा-घना बनाने में मदद करता है। इसके अलावा, रोजमेरी की पत्तियां स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करती हैं, जिससे नए बाल उगाने, डैंड्रफ कम करने और बालों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।




**मेष**

आज का दिन आपके भीतर नई ऊर्जा और नए विचारों की लहर लेकर आ सकता है। काम को लेकर आपके मन में कई योजनाएं जन्म लेंगी और आप उन्हें अमल में लाने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे।

**वृष**

आज का दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है और आप अपने कामों में संतुलन बनाकर चलेंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और आप समझदारी से वित्तीय निर्णय लेंगे।

**मिथुन**

भाग्य आज आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा और कई काम आसानी से पूरे होते दिखेंगे। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी और प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होने के योग हैं।

**कर्क**

आज आप जो भी करेंगे, उसमें उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा झलकेगी। समझदारी और धैर्य से लिए गए फैसले आपको सफलता की ओर ले जाएंगे। आध्यात्म और भक्ति में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

**सिंह**

व्यापार और योजनाओं के लिहाज से दिन अनुकूल है और आपके निर्णय अच्छे परिणाम दे सकते हैं। इससे आपका आत्मविश्वास और मजबूत होगा।

**कन्या**

निवेश और आर्थिक फैसलों के लिए समय सकारात्मक संकेत दे रहा है। काम के सिलसिले में यात्रा संभव है जो भविष्य के लिए लाभकारी साबित हो सकती है।

**तुला**

आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं और आपको कुछ अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार में साझेदारी का प्रस्ताव आ सकता है, जिसे सोच-समझकर स्वीकार करना लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन प्रगति और सकारात्मक परिणामों से भरा रह सकता है। आपके प्रयास आपको आगे बढ़ने में मदद करेंगे और आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया है।

**धनु**

कामकाज के लिहाज से दिन उत्साहजनक रहेगा और आपके प्रयासों को सराहना मिलेगी। बॉस के साथ तालमेल अच्छा रहेगा, जिससे कार्यक्षेत्र में स्थिति मजबूत होगी।

**मकर**

आज निर्णय लेते समय धैर्य और समझदारी बेहद जरूरी होगी, क्योंकि जल्दबाजी से स्थिति उलझ सकती है। व्यवसाय में बदलाव करने से पहले हर पहलू पर विचार करना बेहतर रहेगा।

**कुंभ**

दिन सामान्य रहेगा, लेकिन भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। किस्मत आपका साथ दे सकती है, पर आलस्य प्रगति की राह में रुकावट बन सकता है।

**मीन**

स्वास्थ्य के लिहाज से दिन राहत देने वाला हो सकता है और पुरानी परेशानी से छुटकारा मिल सकता है। हालांकि कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सतर्क रहें।

## नगरफोर्ट पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 8 माह से फरार 5 वांछित आरोपी गिरफ्तार, बिजली विभाग का लाइनमैन निकला मास्टरमाइंड

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (आनंद गौतम)।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशन में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नगरफोर्ट थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब आठ माह से फरार चल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में घटना का मुख्य षड्यंत्रकारी बिजली विभाग का एक लाइनमैन भी शामिल है।

**रास्ता रोककर की थी मारपीट :** पुलिस के अनुसार, 16 जून 2025 को मोजा नजीरपुरा के पास हनुमान गुर्जर निवासी रघुनाथपुरा की गाड़ी के आगे अपनी स्विफ्ट कार लगाकर आरोपियों ने उसे रोका और जानलेवा हमला कर मारपीट की थी। इस संबंध में थाना सोप में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर चल रहे थे।

**विशेष टीम ने दी दबिश :** मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव एवं वृत्ताधिकारी उनियारा के सुपरविजन में नगरफोर्ट थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए 23 फरवरी 2026 को पांचों आरोपियों को धर दबोचा।

**गिरफ्तार आरोपियों का विवरण :** हंसराज मीणा (33)-निवासी रघुनाथपुरा (मुख्य आरोपी, लाइनमैन)

मियाराम (27)-निवासी श्योपुरा, उनियारा

बलराम जाट (32)- निवासी कासिमपुरा, पीपलू

धारमल मीणा (29)- निवासी भाट का नाडा, उनियारा

नेतान सिंह मीणा (29)- निवासी अहमदपुरा, टोंक।

## टोडारायसिंह चारभुजा नाथ मंदिर में खण्डेलवाल समाज महिला मंडल ने मनाया फागोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा) ।** कस्बे के चारभुजानाथ मंदिर में मंगलवार को दोपहर बाद महिला मण्डल की ओर से आयोजित फागोत्सव में होली के भजनों से भगवान को खुब रिझाया, वहीं महिलाएं रंग-बिरंगे परिधान पहने झूमते रहीं। इस मौके पर भगवान चारभुजानाथ की भव्य झांकी सजाई गई। फागोत्सव दोपहर बाद शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में खण्डेलवाल समाज की महिलाएं पहुंचीं। सबसे पहले गणपति को मनाया, फिर माता जी और बालाजी के भजन कीर्तन किए गए। तत्पश्चात होली के गीतों की बहार शुरू हुई। इसमें चंग की थाप पर भजन आज बिरज में होली रे रसिया..., रंग मत डाले रे सांवरिया म्हारो गुर्जर मारे...., होली खेल ला रंग गुलाल से...., नैणा नीचा कर ले श्याम न रिझाव ...., सहित कई होली के गीतों से मंदिर परिसर माहौल होली जैसा बना रहा। फागोत्सव में महिलाओं ने फूलों की होली खेली। फागोत्सव के पश्चात पुजारी पंडित सत्यनारायण शर्मा ने महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सुनीता टोडवाल, शालू खण्डेलवाल, गुंजन दुसाद, राजेश्वरी रावत, कैलाश देवी गुप्ता, उर्मिला झालाणी, सुरभि झालाणी, सुनीता रावत, बीना रावत, मुन्नी देवी डंगायच, कमला झालाणी, शालिनी डंगायच, शारदा राजोरिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

## पदमपुरा में आचार्य धर्म सागर जी महाराज के पदारोहण दिवस पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/जयपुर(पुरूषोतम जोशी)** पदमपुरा में आयोजित पावन कार्यक्रम में आचार्य श्री 108 धर्म सागर जी महाराज के पदारोहण



दिवस के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर तृतीय पट्टाचार्य आचार्य धर्म सागर जी महाराज का 58वाँ पदारोहण दिवस एवं आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज का 58वाँ दीक्षा दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच मनाया गया। कार्यक्रम में धर्मसभा, पूजन एवं आचार्य भगवंतों के मंगल प्रवचनों का लाभ श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। इस धार्मिक आयोजन में टोंक जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। उपस्थित प्रमुख श्रद्धालुओं में भागचंद फुलेता, धर्म दाखिया, विमल बरवास, कमल आंडरा, कमल सर्राफ, नीटू छामुनिया, पवन कंटान , धर्मचंद पत्तल दोना, पप्पू नमक , लाल चंद फूलता सहित अनेक धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# सवाईमाधोपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई: बीडीओ 1 लाख और गंगापुरसिटी बीसीएमएचओ 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### एक ही जिले में दो अलग-अलग ट्रैप कार्रवाई, बीपीएम नौकरी व पदस्थापन प्रकरण से जुड़ी थी रिश्वत मांग

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** ए.सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम, जयपुर ईकाई द्वारा मंगलवार को कार्यवाही करते हुये जगदीश प्रसाद मीणा ब्लॉक विकास अधिकारी, पंचायत समिति सवाईमाधोपुर अतिरिक्त प्रभार जिला परियोजना प्रबन्धक सवाईमाधोपुर को 1,00,000 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए. सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम, जयपुर ईकाई को एक शिकायत इस आशय कि मिली कि जगदीश प्रसाद मीणा ब्लॉक विकास अधिकारी, पंचायत समिति सवाईमाधोपुर अतिरिक्त प्रभार जिला परियोजना प्रबन्धक सवाईमाधोपुर द्वारा परिवादी और उसके दो साथियों को उनकी बीपीएम की नौकरी से कार्यमुक्त नहीं करने और पेण्डिग यात्रा भत्ता



व अन्य बिलों को पास करने की ऐवज में तीनों से 1,00,000-1,00,000 रूपये रिश्वत राशि की मांग की जाकर परिवादी को परेशान किया जा रहा है और दोनों साथियों की रिश्वती राशि भी परिवादी को ही इक्_ा करके लाकर देने के लिए दबाव बना रहा है। जिस पर आनन्द शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस द्वितीय के सुपरविजन में भूपेन्द्र, अति. पुलिस अधीक्षक, ए.सी. बी. जयपुर नगर-प्रथम, जयपुर के नेतृत्व में उक्त शिकायत का सत्यापन सही पाये जाने पर मंगलवार को को मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये जगदीश प्रसाद मीणा हाल निवास मकान नं. 221, विवेकानन्द नगर, कोटा हाल ब्लॉक विकास अधिकारी , पंचायत समिति सवाईमाधोपुर अतिरिक्त प्रभार जिला परियोजना प्रबन्धक सवाईमाधोपुर को परिवादी से 1,00,000 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में एवं एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

### एसीबी ने गंगापुरसिटी बीसीएमएचओ को 25 हजार रिश्वत लेते दबोचा

जिले के गंगापुरसिटी में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमएचओ) डॉ. बत्तीलाल मीणा को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी सवाईमाधोपुर के एएसपी ज्ञान सिंह चौधरी ने बताया कि शिकायतकर्ता एएनएम ने आरोप लगाया था कि उसे व्यवस्थार्थ पदस्थापन स्थान से वापस मूल पदस्थापन स्थान पर लगाने की एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। रिश्वत नहीं देने पर उसे लगातार परेशान किया जा रहा था। एएसपी ने बताया कि शिकायत मिलने पर एसीबी टीम ने पहले शिकायत का



सत्यापन किया, जिसमें आरोपी ने पांच हजार रुपए पहले ही ले लिए थे। शेष 25 हजार रुपए देना बाकी था। रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर एसीबी ने उसे ट्रैप करने की योजना बनाई और आरोपी डॉ मीणा को गंगापुर सिटी स्थित उनके कार्यालय में परिवादी से 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते ही दबोच लिया। एसीबी टीम द्वारा दस्तावेजों की जांच, साक्ष्य संकलन और अन्य कानूनी प्रक्रिया जारी है। एसीबी की ओर से आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी अधिकारी डॉ. बत्तीलाल मीणा का कुछ महीनों बाद सेवानिवृत्त होना प्रस्तावित था। ऐसे में रिटायरमेंट से पहले हुई इस कार्रवाई ने चिकित्सा विभाग में चर्चाओं का दौर तेज कर दिया है।

### 2 महीने से लगातार धरने पर बैठे हुए हैं विस्थापित किसान

## बीसलपुर बांध के जलाशय भंडारण का जलस्तर और बढ़ाने के विरोध में दिया हुआ है धरना

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।** यहां विस्थापित संघर्ष समिति बीसलपुर परियोजना के किसान पिछले दो महीने से धरना देकर बैठे हुए हैं। यह धरना प्रदर्शन 64 दिनों से उपखंड कार्यालय परिसर के बाहर चल रहा है। लेकिन प्रदेश सरकार से धरने पर.बैठे विस्थापित किसानों को अब तक कोई राहत नहीं मिली है। देखने वाली बात तो यह है कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्थापित किसानों के इस धरना प्रदर्शन को मंगलवार तक 64 दिन हो गये है। जानकारी के अनुसार बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ाने के विरोध में विस्थापित किसानों का यह धरना चल रहा है। इसको लेकर मंगलवार को राजस्थान कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव माया सुवालका ने धरने पर बैठे किसानों का समर्थन किया और इस मामले में राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह



डोटासरा,विधानसभा प्रतिपक्ष. नेता टीकाराम जूली से मुलाकात की। इस दौरान बीसलपुर बांध विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सरसवडी ,दुर्गा लाल जांगिड़, दुर्गा लाल खींची ,रंग लाल मीणा, डॉक्टर प्रहलाद मीणा केसर हरलाल मीणा ,कजोड़ जाट ,राय बहादुर सिंह राणावत, धनराज मीणा ,प्रहलाद मीणा सहित कई विस्थापित नेता मौजूद रहे। मुलाकात दौरान प्रदेश सचिव माया सुवालका ने प्रतिपक्ष टीकाराम जूली व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगोविंद सिंह डोटासरा से कहा कि बीसलपुर बांध की ऊंचाई नहीं बढने दिया जाए । और विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा कि जाये इस पर कांग्रेस के दोनों दिग्गज नेताओं ने आश्वासन दिया कि विधानसभा मे विस्थापित किसानों की 11 सूत्रीय मांग का पक्ष रखा जाएगा। इस मामले में माया सुवालका ने यह भी बताया कि टोंक विधायक सचिन पायलट को भी ज्ञापन दिया गया। और उन्हें भी इस मामले में अवगत कराया गया है।

## होली पर 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान तेज, 300 किलो खराब रसगुल्ले व एक्सपायरी खाद्य सामग्री करवाई नष्ट

### ढाणी जुगलपुरा और मूंडिया में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, अनियमितताओं पर नोटिस जारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण टी शुभंगला के निर्देशानुसार आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने हेतु होली के त्यौहार पर शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए ढाणी जुगलपुरा में करीब 300 किलो खराब रसगुल्लो एवं मूंडिया में एक्सपायरि आइसक्रीम, पीजा, बेस, सॉस पैकेज, ड्रिंकिंग वाटर, आयोडीन नमक व नमकीन को नष्ट करवाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा ढाणी जुगलपुरा में स्थित अंकित मिष्ठान भंडार का औचक निरीक्षण कर मावा बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया। साथ ही उक्त फर्म के गोदाम में रखे 20 टन कुल करीब 300 किलो रसगुल्ले खराब स्थिति में बदबूदार पाए गए। जिनको मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसी प्रकार गांव मूंडिया हाइवे पर संचालित पारस रिसॉर्ट का निरिक्षण किया गया। जहां पर भारी अनियमितता पाई गई। रिसॉर्ट में कई प्रकार के खाद्य पदार्थ, आइसक्रीम, पीजा, बेस, सॉस पैकेज, ड्रिंकिंग वाटर, आयोडीन नमक व नमकीन एक्सपायरि पाए गए जिनको भी मौके पर ही नष्ट कराया गया।



साथ ही प्रतिष्ठान पर भारी अनियमितता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि मिलवाटी खाद्य तेल, मिलावटी घी, मिलावटी दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ मावा, पनीर, मिलावटी मसाले, पेय पदार्थ, आटा, बेसन सहित अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री तथा खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मिलावट पाये जाने पर नियमानुसार मिलावट खोरों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकुर पाटनवाला, आराधना शर्मा, रामकृष्ण गोठवाल व सहायक कर्मचारी राजेंद्र सैनी सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 55 वर्षीय श्रद्धालु की मौत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ट्रक यूनियन के सामने देवधाम जोधपुरिया के लिए कनक दंडवत कर रहे एक श्रद्धालु के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर थानाधिकारी घासीराम मीणा मय जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उपजिला अस्पताल निवाई की मोर्चरी में रखवाया। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि मृतक मोहनलाल गुर्जर (55) निवासी जीवली शुक्रवार को सुबह 7 बजे गांव जीवली से देवधाम जोधपुरिया के लिए कनक दंडवत यात्रा करते हुए जा रहा था। जिसके दौरान मंगलवार को सुबह करीब 6:30



बजे वह बाईपास को पार कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसके टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का भाई प्रेम गुर्जर भी उसके साथ में चल रहा था। वाहन की चपेट में आने से वह भी घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### ज्योतिष और वास्तु जगत में बढ़ाया जिले का मान

## जयपुर में टोंक के पंडित देवकी नंदन शर्मा ,'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित'

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (आनंद गौतम)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित 'वेदामृतम एस्ट्रो-वास्तु एवं आयुर्वेद समिट-2026' के मंच पर टोंक जिले के कांकोड निवासी प्रख्यात विद्वान पंडित देवकी नंदन शर्मा को उनके जीवन की साधना और विशिष्ट सेवाओं के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से नवाजा गया है। श्री वेदामृतम संस्थानम जयपुर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस भव्य और गरिमामयी समारोह में



पंडित शर्मा को यह सम्मान ज्योतिष विज्ञान, भूमि वास्तु दोष निवारण, हस्तरेखा शास्त्र, अंकशास्त्र, आयुर्वेद और वैदिक संस्कृति के संरक्षण के क्षेत्र में उनके जीवनभर के उल्लेखनीय योगदान और निस्वार्थ समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया।

?समारोह के दौरान संस्थान के निदेशक योगाचार्य आरजू अवस्थी और सीईओ पंडित दिलीप के. अवस्थी ने पंडित देवकी नंदन शर्मा की उपलब्धियों और उनके दीर्घकालीन आध्यात्मिक अनुभव की जमकर सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंडित शर्मा का ज्ञान और उनके द्वारा किए गए शोध समाज के लिए एक अनमोल धरोहर हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को भारतीय सनातन संस्कृति और वैदिक विज्ञान से जोड़े रखेंगे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोनों से पधारे विद्वानों और विशेषज्ञों ने भी पंडित शर्मा की कार्यकुशलता और उनके सरल व्यक्तित्व की प्रशंसा की।

### पंच गौरव के तहत जिला मुख्यालय पर हुआ सरसों महोत्सव का आयोजन

# किसान खेती के साथ उद्यमिता की ओर बढ़े-कल्पना अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिले के पंच गौरव के तहत कृषि उत्पाद सरसों की उपज के विकास एवं उद्यम स्थापना को लेकर जिला मुख्यालय के कृषि ऑडिटोरियम में मंगलवार को जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सरसों महोत्सव का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के हर जिले की स्थानीय क्षमताओं को पहचान कर उनका सर्वांगीण विकास करने की अभिनव पहल पंच गौरव कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि किसान खेती के साथ उद्यमिता की ओर बढ़े तो अनकी आय कई गुना बढ़ सकती



है। साथ ही कई लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कृषि शिक्षा की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर सरसों में एंटरप्रेन्योरशिप (उद्यमिता) को लेकर नवाचार करें। पूंजी और संसाधनों का प्रबंधन कर जिले के आर्थिक विकास को गति दे। इससे पूर्व जिला कलेक्टर ने कृषि ऑडिटोरियम में कृषि से जुड़े व्यवसायों से संबंधित स्टॉल पर जाकर उद्यमियों से संवाद किया।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विरेन्द्र सिंह सोंलकीं ने कहा कि टोंक जिले में रबी सीजन में 4 लाख 70 हजार हैक्टयर क्षेत्र में बुवाई की जाती है। जिसमें से 3 से 3.25 लाख हैक्टयर में सरसों की फसल की बुवाई होती है। यह लगभग 65 प्रतिशत है। प्रदेश में जिला सरसों उत्पादन में प्रथम पायदान पर है। जिले में 6 लाख टन सरसों की पैदावार होती है। जिले से कृषि उपज में प्रति हैक्टयर पैदावार को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि कृषि विभाग सरसों को लेकर नवाचार कर रहा है। किसान इन नवाचारों को अपनाकर खेती की उपज को बढ़ाएं। उन्होंने सरसों की खेती के साथ जिले में मधुमक्खी पालन व्यवसाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर से आये विषय विषेशज्ञ डॉ0 मनोहर राम द्वारा सरसों की विभिन्न किस्में एवं उत्पादन तकनीकी के बारे मे जानकारी दी गई। डॉ0 मुकेश निटारवाल द्वारा सरसों फसल मे लगने वाले कीट, व्याधियों एवं उनके नियत्रंण की विधियां बताई गई। कृषि विज्ञान केन्द्र वनस्थली के कृषि वैज्ञानिक बंशीधर चौधरी ने किसानों को खेती में फसल व भूमि चक्र अपनाने के सुझाव दिए। उद्यान विभाग के उप निदेशक चन्द्रप्रकाश बढ़ाया ने प्रधानमंत्री सुरक्षा खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना व खाद्य प्रसंस्करण के तकनीकी व वित्तीय पहलुओं के बारे में बताया। आत्मा परियोजना के सहायक निदेशक दिनेश बैरवा ने जिले में मधुमक्खी पालन व्यवसाय की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कम लागत और कम जमीन से शुरु किया जाने वाला यह लाभकारी व्यवसाय है, जो शहद के साथ मोम, रॉयल जैली और पराग जैसे उत्पाद प्रदान करता है। सरकार इस व्यवसाय के लिए सब्सिडी भी देती है। इस दौरान बड़ी संख्या किसान, पशुपालक एवं कृषि महाविद्यालयों से जुड़े छात्र-छात्राए मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्कर में हनुमंत कथा का किया श्रवण

## सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का दोहराया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)।** तीर्थराज पुष्कर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सहभागिता करते हुए बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन किया। उन्होंने कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण करते हुए कहा कि तीर्थराज पुष्कर में इस प्रकार का आध्यात्मिक आयोजन सनातन संस्कृति की ज्योति को प्रज्ज्वलित करने का कार्य कर रहा है और विशेष रूप से युवाओं के मन में भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों की गहरी समझ विकसित कर रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक गौरव का सुदृढ़ीकरण होता है।

ब्रह्मा मंदिर में विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्कर स्थित विश्वविख्यात ब्रह्मा मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुष्कर की पावन धरा आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और सनातन आस्था का अद्वितीय संगम है। जगतपिता ब्रह्मा मंदिर विश्वभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और यह स्थल आस्था का केंद्र होने के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक गौरवगाथा का भी प्रतीक है। उन्होंने पुष्कर की भौगोलिक एवं आध्यात्मिक विशिष्टता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगरी केवल आस्था का केंद्र ही नहीं बल्कि अद्वितीय प्राकृतिक संरचना का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पुष्कर, गिरिराज जी, खाटूश्याम जी और बालाजी सहित अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इससे श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक एवं व्यवस्थित तीर्थाटन का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# फूसेवाला में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** अनूपगढ़ जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फूसेवाला में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

साइबर साक्षर भारत और नशा मुक्त युवा के संकल्प के साथ आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी, सहीराम व लक्ष्या ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के मन को झकझोर दिया। नाटक में साइबर अपराध और ऑनलाइन दुनिया के खतरों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। एक छात्र का फर्जी कॉल और ऑनलाइन गेमिंग के जाल में फंसकर मानसिक और आर्थिक नुकसान उठाना, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने की गलती, इन सब दृश्यों ने बच्चों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि डिजिटल दुनिया में एक क्लिक भी कितनी बड़ी भूल बन सकता। उन्होंने कहा कि नशा और साइबर जाल दोनों ही ऐसे अदृश्य दुश्मन हैं, जो धीरे-धीरे भविष्य को निगल लेते हैं। यदि युवा जागरूक हो जाए, तो बुराईयों की आधी लड़ाई वहीं जीत ली जाती है।

अंत में उपस्थितजनों ने साइबर साक्षर बनने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ लेते हुए कहा कि हम नशा नहीं करेंगे, न किसी को करने देंगे। विद्यालय प्रशासन ने संदेश दिया कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। सच्ची शिक्षा वही है जो जीवन को सुरक्षित, सार्थक और मूल्यवान बनाए।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, पंखे पर फंदे से झूलता मिला शव

- पुलिस ने किया घटनास्थल का मौका निरीक्षण, पीहर पक्ष ने लगाया दहेज़ हत्या का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की कहार गली में एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है। मृतका का शव उसी के कमरे में पंखे के फंदे पर लटका मिला है। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और सीओ महेंद्र कुमार ने घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया है वहीं मृतका के शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया है। जहां पीहर पक्ष की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है।

करौली के वजीरपुर गेट निवासी महिला गीता पत्नी घनश्याम कश्यप ने बताया 29 जून 2020 को उनकी बेटी पूजा की शादी बाड़ी के कहार गली निवासी दिनेश कश्यप के साथ हुई थी। दिनेश के पिता भगवान दास, सास जलदेई, और ससुराल के अन्य लोग शादी के बाद से ही आए-दिन उनकी बेटी को मोटरसाइकिल लाने और सोने की चेन की डिमांड करते थे। कई बार उन्होंने ससुराल लाकर उनसे समझाईश भी की।

सोमवार की शाम 5 बजे के करीब पूजा ने फोन किया और बताया कि ससुराल वाले उससे मारपीट कर रहे हैं। मम्मी तुम मुझे लेने आ जाओ। उसने कहा कि यहां कुछ लोग आए हुए हैं मैं कल आ जाऊंगी। उसके बाद बेटी से बात नहीं हुई। जब उन्होंने वापस फोन लगाया तो ससुराल वालों ने फोन नहीं उठाया। बाद में सात बजे के करीब सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई है।

घटना को लेकर गीता पत्नी घनश्याम कश्यप ने मृतका पूजा के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार मामले की जांच कर रहे हैं। थाने के एसआई हरवीर सिंह ने अस्पताल पहुच पीहर पक्ष और पति की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच जारी है।

# भगवान सिद्धेश्वर पर भागवत कथा का आयोजन जारी

- **कथा में हुआ शिव-पार्वती का विवाह, 27 को समापन के साथ भंडारा**

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के चेतन नगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन शिव और पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया गया,जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर भोले बाबा और माता पार्वती के विवाह की अनूठी रस्म भी निभाई गई। श्रद्धालुओं ने शिव और पार्वती के स्वरूपों की पूजा-आरती की। भागवत आचार्य पंडित कृष्ण शास्त्री ने जब भोलेनाथ की अनूठी बारात का प्रसंग सुनाया,तो श्रद्धालु महिलाएं भावविभोर होकर नृत्य करने लगीं।

आयोजन समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह 17वीं बार है जब मंदिर के श्रद्धालुओं और कॉलोनी वासियों के सहयोग से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की सभी व्यवस्थाएं मंदिर से जुड़े भक्तगण देख रहे हैं। श्रीराम चौधरी और उनकी धर्मपत्नी परीक्षित के रूप में सहयोग कर रहे हैं।

परमार ने आगे बताया कि कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह के बाद अब कृष्ण जन्म सहित भागवत से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 27 फरवरी तक चलेगा,जिसके बाद पूर्णाहुति हवन यज्ञ होगा। 28 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में स्थानीय लोगों सहित कई श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं।

# बिजौली गौशाला का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

## नगर परिषद के सहयोग से निराश्रित नंदियों को नंदीशाला में किया जाए व्यवस्थित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** बिजौली स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में संरक्षित गौवंश के रख-रखाव, चारा-पानी, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, आश्रय व्यवस्था तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की गहन समीक्षा की।



जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गौशाला परिसर का भ्रमण कर पशुओं के लिए उपलब्ध हरे एवं सूखे चारे की मात्रा और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गौवंश को नियमित एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराया जाए तथा चारे के भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी परिस्थिति में चारे की कमी न हो। उन्होंने स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए जल टंकियों की नियमित सफाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नंदीशाला में 125 नंदी है नंदीशाला की क्षमता 500 नंदियों के है। उन्होंने पशुपालन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में घूम रहे निराश्रित नंदियों को नगर परिषद के सहयोग से बिजौली नंदीशाला में व्यवस्थित किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने पशु चिकित्सकीय सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं उपचार समयबद्ध रूप से किया जाए। बीमार अथवा कमजोर पशुओं के लिए पृथक देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

कलक्टर ने गोबर के वैज्ञानिक निस्तारण, वर्मी कम्पोस्ट एवं जैविक खाद निर्माण की संभावनाओं को विकसित करने पर जोर दिया, ताकि गौशाला आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके। इसके साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शेड, छायादार स्थान एवं वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं का बेहतर संचालन केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला की व्यवस्थाओं की समय-समय पर मॉनिटरिंग की जाए तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। निरीक्षण के दौरान पशुपालन अधिकारी एवं गौशाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली में 41वां सुरतरंग ग्रैंड फिनाले संपन्न

## उदयपुर के 11 वर्षीय गायक हिरांश वर्मा बने सेकण्ड रनर-अप

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** देश के प्रतिष्ठित संगीत मंच संगम कला ग्रुप सूरतरंग संगीत क्षेत्र के 41वें सुरतरंग का भव्य ग्रैंड फिनाले दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। जहाँ देशभर से चुनकर आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस फिनाले में उदयपुर के 11 वर्षीय हिरांश वर्मा सेकण्ड रनर अप रह कर राष्ट्रीय स्तर पर उदयपुर का गौरव बढ़ाया।

संगम कला ग्रुप का यह मंच वर्षों से उभरती हुई संगीत प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए जाना जाता है। इसी मंच से बॉलीवुड के कई प्रसिद्ध गायकों ने अपने करियर की शुरुआत की है।

कठिन चयन प्रक्रिया-ग्रैंड फिनाले तक पहुँचना अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा। प्रतियोगियों को जिला स्तर पर दो चरण, राज्य स्तर पर दो चरण, उसके बाद इंटरस्टेट राउंड, सेमीफाइनल और अंततः ग्रैंड फिनाले से गुजरना पड़ा। हजारों प्रतिभागियों में से केवल तीन



प्रतिभागी ही अंतिम चरण तक पहुँच सके। उदयपुर का गौरव हिरांश वर्मा-राजस्थान के उदयपुर से 11 वर्षीय प्रतिभाशाली गायक हिरांश वर्मा ने शानदार प्रस्तुति देकर सेकण्ड रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से उदयपुर सहित पूरे राजस्थान में हर्ष का माहौल है।

हिरांश के पिता गृहवर्धन उदयपुर में (बीएसएनएल) में अधिकारी पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता दामिनी आर्य उदयपुर के सीटीएई कॉलेज में कार्यरत हैं। हिरांश अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरु दिनेश वर्मा को देते हैं, जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया।

# लोकेश कुमार आम आदमी पार्टी कामा विधानसभा और तहसील के अध्यक्ष नियुक्त

- जिला अध्यक्ष बनवारी लाल केन ने कामा तहसील कार्यकारिणी की घोषित

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष बनवारी लाल कैन ने कांमा तहसील व विधानसभा अध्यक्ष और तहसील की नई कार्यकारणी की घोषणा की है।

उन्होंने कांमा तहसील व विधानसभा अध्यक्ष लोकेश कुमार बनाया है।जबकि तहसील कार्यकारणी में महासचिव राजेन्द्र, सचिव राजपत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निरंजन, उपाध्यक्ष विजेंद्र, महामंत्री लोकेश, सूचना मंत्री सोनू, प्रचार प्रसार मंत्री तेजपाल, कानून मंत्री अमित, मीडिया प्रभारी मांगेराम तथा किसान मोर्चा व युवा मोर्चा के तहसील मंत्री पद पर सागर को नियुक्त किया है।

# नशा मुक्त अभियान के तहत जिला कलक्टर व एसपी ने किया सहयोगियों को सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**डी एल सारस्वत (अनूपगढ़)।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त श्रीगंगानगर के लिए अभियान ऑपरेशन सीमा संकल्प के अंतर्गत जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में मंगलवार को 'सहयोगियों का सम्मान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाज में नशे के खिलाफ जागरूक करने वाले सहयोगियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मंजू (जिला कलेक्टर) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अमृता दुहन (जिला पुलिस अधीक्षक) उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त श्री गंगानगर अभियान के सह-प्रभारी विक्रम ज्याणी ने जब उन सहयोगियों के नाम पुकारे गए



जिन्होंने नशे के खिलाफ समाज में चेतना की अलख जगाई, तो तालियों की गूंज ने यह साबित कर दिया कि यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि समाज के जागरण का उत्सव है।

जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने सम्मानित सहयोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि आपकी उस योग्यता और साहस का सम्मान है, जिसके साथ आपने नशे के खिलाफ खड़े होकर लोगों को प्रेरित किया। कोई भी पुलिस या प्रशासन अकेले कुछ नहीं कर सकता, जब तक समाज का साथ न मिले। हम आपसे आशा करते हैं कि आप इसी तरह इस मुहिम को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने अपने संबोधन में कहा, आप सबके सहयोग से हम इस जंग को जीत सकते हैं। नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। आपका सहयोग बदलाव की नई इबारत लिख सकता है। जब समाज साथ खड़ा होता है, तो कोई भी बुराई टिक नहीं सकती।

कार्यक्रम में महावीर दुगेसर, श्रीमती सोनू सहारण, सौरभ सहारण, शिवराम नाथ, अमन बराड़, शैलेंद्र कुमार, वीरेंद्र यादव, फिरोज खान, रूबी गौड़, ओमप्रकाश कलिया, नरेंद्र दास कामड, राकेश कुमार, मनोहर इंदलिया, राकेश बेरड़, हनुमान प्रसाद, मदनलाल, सोनू नायक एवं युवा क्लब रामपुरा न्योला उपस्थित रहे।

# अग्रवाल सभा की होली मिलन समारोह व शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** श्री अग्रवाल सभा की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक का आयोजन गंज स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। सर्वप्रथम बैठक में अग्र कुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर बैठक की विधिवत शुरुआत की गई, वैठक मे नवीन कार्यकारिणी मे शामिल सदस्यों का परिचय किया गया, इसके साथ ही वैठक मे नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यकम एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई, जिसमें अलग अलग सदस्यों द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में नवीन सदस्यों को उनके विभिन कार्यभार व वार्डवार प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई तथा सभी सदस्यों की सहमति से होली मिलन समारोह 4 मार्च को शाम 5 बजे से कराना प्रस्तावित हुआ।

# पंडित हरिप्रसाद चैरसिया सहित देश के 10 कलाकार, विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता और एथलीट महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन के सम्मानों से होंगे अलंकृत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** मेवाड़ की अद्वितीय गौरवगाथा, स्वाभिमान की अटल परंपरा, सांस्कृतिक संरक्षण की सुदीर्घ साधना तथा मानवीय मूल्यों की अविरल धारा को समर्पित महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन ने वर्ष 2026 के राज्य स्तरीय अलंकरणों की घोषणा करते हुए वार्षिक अलंकरण समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने अवगत कराया कि फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की गरिमामयी उपस्थिति में फाउण्डेशन का 42वाँ अलंकरण समारोह आगामी 15 मार्च 2026,

- 42वें राज्य स्तरीय अलंकरणों की घोषणा
- डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ करेंगे विशिष्ट विभूतियों का सम्मान

रविवार को सायं 4.30 बजे सिटी पैलेस उदयपुर के ऐतिहासिक माणक चैक प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

इस वर्ष के इन अलंकरणों में ज्योतिष, वेद विज्ञान एवं कर्मकाण्ड में विशिष्ट योगदान हेतु फाउण्डेशन के महर्षि हारीत राशि सम्मान से वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे को



सम्मानित किया जाएगा। 19 वर्षीय वेदमूर्ति देवव्रत ने वाराणसी में 50 दिनों तक पूर्णतः स्मरण शक्ति के आधार पर शुक्ल यजुर्वेद (माध्यंदिन शाखा) के दुर्लभ दंडक्रम विकृतिपाठ का संपादन किया। लगभग 200 वर्षों में पूर्ण दंडक्रम पारायण करने वाले वे विश्व के दूसरे विद्वान माने जाते हैं। उनका यह कार्य लुप्तप्राय वैदिक पाठ परंपरा के पुनर्जीवन की दिशा में ऐतिहासिक महत्व रखता है।

समाज में शैक्षिक, चारित्रिक, नैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु दी जाने वाली स्थायी मूल्य की सेवाओं के लिए महाराणा मेवाड़ सम्मान प्रदान किया जाता है। इस वर्ष यह सम्मान भारत की प्रथम ट्रांसजेंडर महिला सब-इंस्पेक्टर ऑफ पुलिस के. पृथिका याशिनी तथा सीनियर जर्नलिस्ट भुवनेश जैन को प्रदान किया जाएगा।

6 नवम्बर 2015 को मद्रास उच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय के पश्चात के. पृथिका याशिनी की नियुक्ति संभव हुई। अप्रैल 2017 में नियुक्ति के बाद उन्होंने धर्मपुरी जिले में कार्यभार संभाला और वर्तमान में चेन्नई में सेवारत हैं। उनकी नियुक्ति वर्दीधारी सेवाओं में समावेशन और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुई।

संयोजक डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन का राज्य स्तरीय 'विशेष सम्मान' उदयपुर के राजेश वैष्णव को, मेवाड़ की 500 वर्ष पुरानी पवित्र जल सांझी परंपरा के संरक्षण हेतु प्रदान किया जाएगा। श्री वैष्णव, वैष्णव परंपरा की 18वीं पीढ़ी के साधक हैं और उदयपुर के वैष्णव मंदिरों के साथ ही श्रीनाथजी मंदिर, नाथद्वारा में इस कला का वैश्विक परिचय करा चुके हैं। सम्मानित विभूतियों को मंच पर फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ प्रत्येक को ?51,001 की सम्मान राशि, तोरण, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर अलंकृत करेंगे।

# छात्रा की हत्या कर लोगों संग धरने पर बैठा आरोपी

## घटना से पहले और बाद में सीसीटीवी फुटेज में आते-जाते दिखा, बोला-खेत पर गया था

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ में 8वीं बोर्ड की परीक्षा देने जा रही 13 वर्षीय छात्रा की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को डिटेन किया है। आरोपी ने छात्रा का पीछा कर उसे रास्ते में पकड़ा और चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी थी।

वारदात के बाद अपने घर चला गया। पुलिस को गुमराह करने के लिए शव मिलने के बाद ग्रामीणों व परिजनों के साथ एक दिन धरने पर भी बैठा रहा।

इधर, घटना के चौथे दिन मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे धरने पर बैठे ग्रामीणों और पुलिस-प्रशासन के बीच सहमति बनने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया-



21 फरवरी को छात्रा दोपहर 12.15 अपने घर से 8वीं बोर्ड की परीक्षा देने जा रही थी। करीब 1.46 बजे स्कूल प्रशासन ने परिजनों को बताया कि छात्रा स्कूल नहीं पहुंची है। इसके बाद हम लोगों ने तलाश शुरू कर दी।थोड़ी दूर पहुंचे तो बच्ची का शव अर्द्धनग्न हाल में पड़ा था। जांच में सामने आया कि रास्ते में आरोपी युवक ने छात्रा को जबरन रोक लिया। विरोध करने पर उसने बालिका का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आशंका है कि घटना के दौरान दुष्कर्म भी किया गया।

### सीसीटीवी फुटेज बना अहम सुराग

एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया- जांच के दौरान घटनास्थल से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी में 21 फरवरी की सुबह करीब 12.15 बजे एक युवक जाते हुए दिखाई दिया। दोपहर करीब 1 से 1.30 बजे के बीच लौटता हुआ नजर आया। शक के आधार पर पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो युवक ने खेत में काम से जाने की बात कही। घटनास्थल और खेत की दूरी का अनुमान लगाया गया। आरोपी के बताए काम व दूरी के मुताबिक वह कुछ ही मिनटों में वापस आ सकता था, लेकिन वह काफी देर बाद लौटा।

### वारदात के बाद ग्रामीणों के साथ धरने में बैठा रहा आरोपी

वारदात के बाद आरोपी घटना स्थल पर ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठा रहा। अगले दिन 22 फरवरी को समझाइश कर बॉडी को हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था। संदिग्ध युवक को दो दिन की पूछताछ के बाद सोमवार को डिटेन किया गया। सख्ती से पूछताछ की गई, जिसके बाद उसने वारदात करना कबूल कर लिया।

### सहमति के बाद धरना खत्म, शव का हुआ पोस्टमॉर्टम

घटना के चौथे दिन मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे धरने पर बैठे ग्रामीणों और पुलिस-प्रशासन में सहमति बनी।

इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। उपखंड प्रशासन स्तर पर परिजनों को लिखित में मांगों को लेकर आश्वासन दिया गया है।

5 लाख रुपए पीड़ित प्रतिकर योजना, 5 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष और परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी दिलवाने की बात कही है। वहीं मुआवजे के रूप में एक करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा जाएगा।

# आयुर्वेद से स्वस्थ जीवन का संदेश

## धनेरिया में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत जन-जागरूकता कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर के धनेरिया स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), राजकीय आयुर्वेद औषधालय में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को औषधीय पौधों के चिकित्सीय गुणों की जानकारी दी गई और उनके रोपण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही सामान्य बीमारियों में घरेलू आयुर्वेदिक उपचार, ऋतुचर्या के पालन तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया इस अवसर पर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता, संतुलित जीवनशैली तथा तंबाकू मुक्त जीवन के महत्व पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष जोर दिया कार्यक्रम में डॉ. नेहा चौधरी, कंपाउंडर राजेन्द्र कुमार, परिचारक राजेन्द्र कुमार वैष्णव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सभी ने आयुर्वेद को बढ़ावा देने और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

# कालाबाजारी पर रसद विभाग की सख्त कार्रवाई

## ब्यावर में छापेमारी कर 9 एलपीजी सिलेंडर जब्त, सुरक्षा मानकों की खुली पोल



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर में घरेलू गैस के दुरुपयोग और अवैध भंडारण के खिलाफ रसद विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर 9 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए। कार्रवाई खाद्य विभाग के 12 फरवरी के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक, प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान और प्रवर्तन निरीक्षक विक्रांत मथुरिया की टीम ने फतेहनगर कॉलोनी स्थित नाकोड़ा स्वीट्स एंड नमकीन भंडार पर छापा मारा।

जांच में 8 वाणिज्यिक और 1 घरेलू सिलेंडर कुल 9 सिलेंडर जब्त किए गए जांच के दौरान दुकान संचालक संजय कच्छाड़ा (पुत्र सुनील कच्छाड़ा) के पास गैस खरीद के बिल-वाउचर, उपभोक्ता डायरी और भंडारण से जुड़े आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। साथ ही सिलेंडर भंडारण स्थल पर सुरक्षा मानकों का भी गंभीर उल्लंघन पाया गया।

विभाग ने एलपीजी आदेश 2000 के उल्लंघन में जब्त सिलेंडरों को ब्यावर गैस सर्विस के यशपाल सिंह को सुपुर्द किया। प्रकरण को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 के तहत जिला कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने कहा कि गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और उपभोक्ताओं से वैध व सुरक्षित उपयोग की अपील की गई है।

# विजयवर्गीय समाज के महिला मंडल ने हर्ष एवं उत्साह सहित फूलों संग होली खेलकर मनाया फागोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर में विजयवर्गीय महिला मंडल के संयोजन में मंगलवार को हर्ष एवं उत्साह सहित भक्तिभाव के साथ महिला फाग उत्सव का आयोजन किया गया।जिसमे विजयवर्गीय समाज के महिला वर्ग द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लेने के साथ धार्मिक भजनों एवं फाग गीतों पर झूमते-नाचते फूलों संग होली खेलते हुवे फाग उत्सव का लुत्फ उठाया गया।यहां गणेश वंदना एवं राधा-कृष्ण के भजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इसके उपरांत महिला वर्ग द्वारा होली खेलें मसाने में व आज बिरज में होरी रे रसिया इत्यादि भजन एवं गीतों पर सामूहिक नृत्य किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण फूलों संग होली आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर विजयवर्गीय समाज महिला मंडल अध्यक्ष भाविका विजयवर्गीय ने कहाकि फाग उत्सव मात्र रंगों का त्यौहार नहीं है। अपितु आपसी प्रेम व नारी शक्ति की एकजुटता का प्रतीक है।

फाग उत्सव जैसे आयोजन से हमारी लोक संस्कृति को नवीन पहचान मिलती है। इस दौरान विजयवर्गीय मेवाड़ प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय एवं कपासन के अध्यक्ष राज विजयवर्गीय का महिला मंडल द्वारा पगडी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

साथ ही उक्त कार्यक्रम में विजयवर्गीय समाज कपासन की महिला अध्यक्ष भाविका विजयवर्गीय द्वारा महिला मंडल नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर विजयवर्गीय समाज का महिला मंडल उपस्थित रहा। उक्त कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनीता विजयवर्गीय द्वारा किया गया।

# रंगों और सृजन का उत्सव : अल्य मिस्त्री की कला प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

## दीपिका आर्ट एकेडमी में अतिथियों ने फीता काटकर किया उद्घाटन, कला के महत्व पर रखे विचार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** शहर के शास्त्री नगर स्थित दीपिका आर्ट एकेडमी में कलाकार अल्य मिस्त्री की चित्रकला एवं मूर्ति कला प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ हुआ। नवदीप तथा गुजरात ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिव्या बांगड़ (सीईओ, ब्रजेश बांगड़ मेमोरियल हॉस्पिटल) ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विनीता गर्ग (संस्थापक, भीलवाड़ा सोशल क्रू), सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. प्रतिष्ठा छीपा (कंसल्टेंट ऑप्थाल्मोलॉजिस्ट एवं ग्लूकोमा



स्पेशलिस्ट) तथा अतुल पाडिया (संस्थापक, आर्ट डे फोटो एवं नेशनल आर्ट एसोसिएशन) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकार की सृजनात्मकता की सराहना की।

उद्घाटन अवसर पर कलाकार अल्य मिस्त्री ने कहा कि कला उनके लिए केवल रंगों और आकारों का संयोजन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। उन्होंने बताया कि उनकी चित्रकृतियों और मूर्तियों में सामाजिक सरोकार, प्रकृति, मानवीय भावनाएं और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि कला समाज को जोड़ने और संवेदनशील बनाने का सशक्त माध्यम है।

### कला समाज को संवेदनशील बनाती है

मुख्य अतिथि दिव्या बांगड़ ने कहा कि कला व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और समाज में सौहार्द का वातावरण बनाती है। विशिष्ट अतिथि विनीता गर्ग ने कहा कि ऐसे आयोजन शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं और युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा देते हैं। आयोजक दीपिका पाराशर ने बताया कि यह प्रदर्शनी 23 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

# महात्मा गांधी विद्यालय पुर की छात्रा ने जीता राजस्थान महिला कुमारी खिताब



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुर की 11वीं कक्षा की छात्रा कविता माली ने कोटा महोत्सव राजस्थान दंगल 21 से 22 फरवरी 2026 में भाग लेकर राजस्थान के चार पहलवान को हराते हुए राजस्थान महिला कुमारी का खिताब जीतकर पुरस्कार में पीतल की बड़ी पीतल की गदा और 51000 नगद प्राप्त किये।

पहलवान बालिका द्वारा विद्यालय तथा पुर कस्बे का गौरव बढ़ाकर आज पुर लौटने पर प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी के साथ विद्यालय परिवार ने बालिका को तिलक लगाकर, ऊपरना पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर मिठाई खिलाते हुए अलग-अलग पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

पहलवान बालिका ने इस सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत के साथ पिता प्रभु लाल माली माता जमुना देवी तथा कोच कल्याण बिश्नोई को दिया। शारीरिक शिक्षक मीना सिंघवी कक्षाध्यापक रामजस रेगर ने छात्रा की उपलब्धि की सराहना करते हुए अन्य छात्राओं को भी किसी ने किसी खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भावना शर्मा, संगीता व्यास, कुलदीप सिंह, सपना बलाई ,राजेश कुमार शर्मा ,लता परिहार, उमेश मेहता अनिल कुमार जाट ने पहलवान छात्रा का सम्मान करते हुएअन्य सभी छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

# भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ब्यावर की साधारण सभा सम्पन्न

## सतीश सर्राफ अध्यक्ष, विकास गर्ग सचिव और अशोक मेवाड़ा कोषाध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा ब्यावर की साधारण सभा का आयोजन माहेश्वरी भवन, श्रद्धानंद बाजार में रात्रि 7 बजे किया गया। सभा का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ तथा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया सभा में विजयनगर से पधारे गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के प्रांत प्रभारी डूंगरचंद जैन, प्रांतीय समन्वयक जितेंद्र पीपाड़ा, ज्ञानचंद नाहर एवं जिनेश सुराणा का उपर्णा पहनाकर स्वागत किया गया शाखा सचिव विकास गर्ग ने वर्ष 2025-26 के प्रकल्पों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए आगामी योजनाओं की विस्तृत रूपरेखा रखी, जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया सभा के दौरान चुनाव पर्यवेक्षक जितेंद्र पीपाड़ा एवं चुनाव अधिकारी डूंगरचंद जैन के निर्देशन में वर्ष 2026-27 के चुनाव सम्पन्न हुए। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर सतीश सर्राफ, सचिव पद पर विकास गर्ग तथा कोषाध्यक्ष पद पर अशोक मेवाड़ा का चयन कर दायित्व निर्धारण किया गया सभा में डीसी जैन ने संस्कार व सेवा प्रकल्पों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

वहीं जितेंद्र पीपाड़ा ने शाखा के प्रति समर्पण, विस्तार और नए प्रकल्पों पर कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। मीडिया प्रभारी राजेन्द्र काबरा ने जानकारी दी कि चुनाव प्रक्रिया में प्रांतीय पदाधिकारी, कार्यकारिणी, साधारण सदस्य तथा मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी रही उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी। अंत में अध्यक्ष सतीश सर्राफ एवं सचिव विकास गर्ग ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदन द्वारा सौंपे गए दायित्वों को नवाचार, सेवा और संस्कार आधारित प्रकल्पों के माध्यम से निभाया जाएगा। सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों में अजमेर मंडल 98प्रतिशत से अधिक समयपालनता के साथ अग्रणी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** उत्तर पश्चिम रेलवे परिचालन दक्षता बढ़ाने और यात्रियों सुविधाओं को सुनिश्चित करने व प्रदत्त सुविधाओं में विस्तार हेतु हेतु लगातार प्रयासरत रहा है। अजमेर मंडल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों में 98% से अधिक समयपालनता अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर चारों मंडलों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले अजमेर मंडल ने उल्लेखनीय 98.55% समयपालनता दर्ज की गई। 23 फरवरी को तो अजमेर मंडल ने 100% समयपालनता अर्जित की। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में 23 फरवरी 2026 तक उत्तर पश्चिम रेलवे पर ट्रेनों की कुल समयपालनता 92.61% रही, जो शेड्यूल बनाए रखने के लिए डिवीजनों के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

बढ़ी हुई दक्षता के परिणामस्वरूप ट्रेन संचालन सुचारू हुआ है, जिससे यात्रियों और माल ढुलाई सेवाओं दोनों को लाभ हुआ है।

# स्कंद महोत्सव के उपलक्ष्य में कपासन के सिंहपुर ग्राम में हुआ फागोत्सव का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** शिवशक्ति पुत्र भगवान कार्तिकेय की उपासना के पावन पर्व स्कंद महोत्सव पर उपखंड क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर में श्री मुरलीधर महिला सत्संग मण्डल के तत्वावधान में फागोत्सव कार्यक्रम का उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ आयोजन किया गया।

श्री मुरलीधर सत्संग महिला मण्डल सिंहपुर के संरक्षक कैलाशचंद्र गर्ग बताया कि श्री मुरलीधर महिला सत्संग मण्डल के तत्वावधान में शिवशक्ति पुत्र भगवान कार्तिकेय की उपासना के पावन पर्व स्कंद महोत्सव के अवसर पर फागोत्सव का कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान कैलाशचंद्र गर्ग द्वारा वैदिक मंत्रौच्चार एवं गणपति पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत महिला मंडल द्वारा विविध धार्मिक भजन एवं गीत सहित अबीर गुलाल संग झूमते-नाचते भक्तिरस का लुत्फ उठाया गया।

जिससे चहुंओर फागोत्सव के निमित्त भक्ति एवं श्रद्धाभाव का संचार होता रहा। उक्त कार्यक्रम का ठाकुरजी की महाआरती एवं भोग धराकर भक्तों एवं श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया।

इस अवसर पर महिला भक्तगणों द्वारा फाग महोत्सव की आकर्षक वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में भाग लिया गया।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य की सार्थकता के लिए संपूर्ण खरीद अपरिहार्य - रामपाल जाट

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ ( टी.आर.सैनी )।** न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने की सार्थकता तब ही है जब उसकी प्राप्ति की सुनिश्चितता हो, और यह तभी संभव है जब न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्राप्ति के लिए खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाये।

किसान नेता रामपाल जाट ने कहा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा गठित समिति के उपसमूह ने 21 अप्रैल 2023 को अनुशंसा कर दी थी, जिसे भी 3 वर्ष का समय पूरा होने वाला है किंतु सरकार ने अभी तक इस पर सार्थक कार्यवाही नहीं की। इसी प्रकार सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य को गारंटीड मूल्य वर्ष 1968 से घोषित किया हुआ है, इसके बाद भी संसद में अनेकों बार सरकार ने इसको दोहराया है, इतना ही नहीं तो



संसद में घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों में अपनी उपज बेचने के लिए विवश नहीं होने देने का आश्वासन दिया हुआ है। भारत सरकार व्यापारिक समझौते के अंतर्गत भारत के बाजार अमेरिका को उपलब्ध कराने के लिए आतुर है, उस प्रकार की कार्यवाही देश के किसानो को उनकी उपजो का लाभकारी मूल्य दिलाने की कार्यवाही नहीं कर रही है। इसीलिए आज निर्यात नीति के केंद्र में किसान हित नहीं रहता है। यह स्थिति तो तब है जब कृषि लागत एवं मूल्य आयोग में अनेकों बार खरीद की गारंटी का कानून बनाने, खरीद की सुनिश्चितता करने तथा आयात निर्यात नीति किसने के हितों के अनुकूल बनाने के संबंध में अनुशंसाएं की हुई है। पिछले 60 वर्षों में आयोग द्वारा की गई किसान हितेषी अनुशंसाओ की पालना नहीं करने की समीक्षा को सार्वजनिक करने का आग्रह किया है। ये विचार सोमवार को महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट द्वारा रखे गए हैं। किसान संगठनों के साथ संवाद हेतु भारत सरकार की संस्था कृषि लागत एवं मूल्य आयोग द्वारा आयोजित बैठक में में रखें गये। बैठक की अध्यक्षता आयोग के चेयरमैन प्रोफेसर विजय पाल शर्मा ने की।

उनके अतिरिक्त शासकीय सदस्य डॉक्टर प्रेमचंद,गैर शासकीय सदस्य रतनलाल डागा ने भी इस बैठक में भागीदारी की, उनके साथ आयोग के सलाहकार, संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक, सहायक निदेशक, आर्थिक अधिकारी, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, शासनिक अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

# न.पा. कपासन के विशेष दल ने कार्यवाही कर सात किलो पॉलीथिन थैलियां जप्त की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका प्रशासन के विशेष दल द्वारा मंगलवार को अभियान संचालित कर सात किलोग्राम पॉलीथिन की थैलियां जप्त करने की कार्यवाही की गयी।

यहां नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन में पालिका के विशेष दल द्वारा नगर क्षेत्र में पॉलिथीन जब्त करने की कार्यवाही की गयी। नगर पालिका कपासन की स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली ने बताया कि नगर पालिका क्षैत्र में पुराना बस स्टैंड, सुखाड़िया मार्केट,पांच बत्ती चौराहा, सब्जी मंडी, विद्युत विभाग के बहार, विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं फल व सब्जी विक्रेताओं के यहां नगर पालिका के विशेष दल द्वारा कार्यवाही करते हुवे पॉलिथीन की थैलियां जब्त की गयी। जिसके अंतर्गत नगर पालिका के विशेष दल द्वारा 7 किलो पॉलिथीन की जप्त की गयी। इस कार्यवाही के दौरान नपा स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली, कार्यवाहक जमादार विजय कोदली, एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग, नपा सफाई कार्मिक विशाल कोदली, राकेश, संजू आदि कार्मिक उपस्थित रहे।

# डॉ. राकेश चाहर होगें बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में तकनीकी अधिकारी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** कुरूक्षेत्र विश्वविद्याालय के तत्वावधान में 02 से 07 मार्च 2026 तक कुरूक्षेत्र (हरियाणा) स्थित कुरूक्षेत्र विश्वविधालय में होने वाली बालक वर्ग की ऑल डण्डिया यूनीवर्सिटी बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान बॉक्सिंग संघ की संस्तुति पर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ डण्डिया ने भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ चेयरमैन डा. राकेश चाहर को रिंग ऑफिशियल (तकनीकी अधिकारी) नियुक्त किया है। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के थ्री स्टार रिंग ऑफिशियल डा. राकेश चाहर पूर्व में आईपीएससी, एसजीएफआइ, केन्द्रीय विद्यालयी, पुलिस, आर्मी एवं खेलो इण्डिया गेम्स सहित ओपन नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में भी तकनीकी अधिकारी (रिगं ऑफिशियल) रैफरी-जज की भूमिका निभा चुके है। राकेश चाहर को विभिन्न बॉक्सिंग प्रतियोगिताओ में बेस्ट रैफरी-जज अवार्ड मिल चुके हैं।

# जिला व्यापार महासंघ अध्यक्ष संजीव गुप्ता निर्वाचन

**संजीव गुप्ता को 158 एवं भगवान दास को 66 मत हुए प्राप्त**



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** जिला व्यापार महासंघ संस्था के अध्यक्ष पद का चुनाव निर्वाचन अधिकारी नवरत्न गर्ग एडवोकेट की देखरेख में हुआ। अध्यक्ष पद का मुकाबला संजीव गुप्ता एवं भगवान दास बंसल के मध्य रहा, जिसमें संजीव गुप्ता को 158 तथा भगवान दास को 66 मत प्राप्त हुए जबकि दो मत रद्द हो गए।

निर्वाचन अधिकारी नवरत्न गर्ग एडवोकेट ने बताया कि भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ और महासंघ की मतदाता सूची में कुल 237 मतदाता थे,जिनमें से कुल 226 मतदाताओं ने मत डाले। संजीव गुप्ता 158 मत व भगवान दास ने 66 मत प्राप्त किया। जबकि दो मत रद्द हो गए। परिणाम में संजीव गुप्ता को विजयी घोषित कर उन्हें पद की शपथ दिलाई और प्रमाण पत्र सोपा गया। इस अवसर पर भरतपुर - डीग जिले के शहरी व् ग्रामीण क्षेत्र से आए व्यापार इकाइयों ने भव्य स्वागत किया।

चुनाव प्रक्रिया में निर्वाचन अधिकारी नवरत्न गर्ग के अलावा सहायक निर्वाचन अधिकारी विष्णु दत्त मुकेश सिंघल प्रदीप कुमार अंबेश गोयल निर्भय सिंघल इशांत सिंगल कपिल बंसल दिलीप कुमार विजय सिंगला आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर उपस्थित व्यापारियों ने निर्वाचित संजीव गुप्ता का स्वागत किया और विपुल शर्मा बंटू भाई नरेन्द्र गोयल जयप्रकाश बजाज अंजुम बिन्नू नरेन्द्र सिंघल गुलराज, बंटी व्यास, शेखर राकेश,रानू इत्यादि अनेक समर्थकों ने साफा फूल माला चांदी का मुकट पहना कर उनका सम्मान किया।

# पंच दिवसीय फाग महोत्सव की शुरूआत

**27 फरवरी को होगा विश्व प्रसिद्ध भजन गायिकाओं के साथ भजन संध्या आयोजन**



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** कलियुग के अवतार दानी श्री श्याम बाबा का प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंच दिवसीय फाग महोत्सव मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्री श्याम बाबा संकीर्तन समिति एवं आदर्श उज्वल भविष्य संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। पंच दिवसीय कार्यक्रम को लेकर मन्दिर प्रांगण में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संकीर्तन समिति के संरक्षक बृजेश अग्रवाल ने सम्बोधित किया। उन्होंनें प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि पंच दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत 25 फरवरी बुधवार से की जा रही है।

फाग महोत्सव कार्यक्रम के पहले दिन हल्दी और मेंहदी का कार्यक्रम प्रातः 11.00 बजे से तत्पश्चात् महिला संगीत दोपहर 12.00 बजे से महिला श्याम भक्तों द्वारा आयोजित किया जायेगा। फाग महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन 26 फरवरी गुरूवार को श्याम बाबा नगरवासियों का हाल-चाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगें। इस बार नगर भ्रमण सूरजगढ के निशान के साथ किया जायेगा।

जो कि अपने आप में अद्भुत है। नगर भ्रमण यात्रा का झण्डारोहण पुलिस महानिरीक्षक कैलाश विश्नोई द्वारा तथा किसान यात्रा पूजन पूर्व चेयरमेन नगर पालिका कुम्हेर कुसुम अग्रवाल के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। बाबा की भव्य शोभा यात्रा प्रातः 10.00 बजे से बिजलीघर स्थित कला मन्दिर विद्यालय से प्रारम्भ होगी जो बिजलीघर मुख्य बाजार से मथुरा गेट, चोबुर्जा, लक्ष्मण मन्दिर, कोतवाली और वासन गेट होते हुए श्याम बाबा मन्दिर गांधी पार्क पर सम्पन्न होगी।

भजन संध्या के दिन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नागौर मृदुल कच्छावा होंगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा करेंगे। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त शहर भरतपुर पंकज यादव करेंगें। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी और मुख्य पूजन की भूमिका में नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई रहेंगें।

प्रेसवार्ता में राजू गुप्ता, मोहन सिंह चाहर, रविन्द्र गोयल, मन्नू गोयल, नीरज गोयल, अमित मदान, जयप्रकाश गोयल, वी आर सैन, विनोद खन्ना, जलज बंसल, विजय सिंघल, तरूण गोपालिया, मयूर शर्मा आदि श्याम भक्त उपस्थित रहे।

# सामुदायिक आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल एवं आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण'

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकारय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकारय तथा यू.एस. सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन, कंट्री ऑफिस इंडिया के सहयोग से 24-25 फरवरी 2026 को भरतपुर में सामुदायिक आधारित' सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल एवं आपदा प्रबंधन टियर-प्रथम एवं टियर-द्वितीय पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 असित श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम राज्यव्यापी स्तर पर पीएचईडीएम पहल के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य तकनीकी दक्षता, व्यावहारिक कौशल एवं प्रशिक्षण संचालन क्षमता से सुसज्जित मास्टर प्रशिक्षकों का एक सशक्त दल विकसित करना है, जो राज्यभर में टियर-प्रथम एवं टियर-द्वितीय प्रशिक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन का नेतृत्व कर सके। इस पहल के माध्यम से राजस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदाओं एवं आपात स्थितियों के प्रति सामुदायिक स्तर पर दीर्घकालिक तैयारी को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है।

यह पहल माननीय प्रधानमंत्री के आपदा जोखिम प्रबंधन संबंधी दस सूत्रीय एजेंडा के अनुरूप है, विशेषकर स्थानीय क्षमता निर्माण और पहल को सशक्त बनाने पर दिए गए बल के संदर्भ में। सीबी-पीएचईडीएम समुदायों को जोखिम की समयपूर्व पहचान, त्वरित प्रतिक्रिया तथा समन्वित पुनर्वास के लिए सक्षम एवं जागरूक बनाने को प्रोत्साहित करता है। यह आत्मनिर्भर एवं सुदृढ़ गांवों के निर्माण की व्यापक परिकल्पना को भी समर्थन प्रदान करता है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों एवं आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन कर सकें।

कार्यक्रम में डॉ. प्रवीन असवाल, अतिरिक्त निदेशक (ग्रामीण स्वास्थ्य), डॉ. सुनील सुथार, संयुक्त निदेशक (स्वास्थ्य), भरतपुर, डॉ. सुजीत सिंह, पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और डॉ. रजत गर्ग, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, सीडीसी-इंडिया सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा डॉ दीपा मीणा राज्य महामारी विशेषज्ञ राज्य स्तरीय टीम के साथ प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित रही जिनके मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से विचार-विमर्श को विशेष दिशा मिली।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भरतपुर संभाग के पाँच जिलों भरतपुर, डीग, धौलपुर, सवाई माधोपुर एवं करौली से संबंधित प्रमुख विभागों के 38 अधिकारियों ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता की। इस कार्यक्रम की सफल पूर्णता राजस्थान की सामुदायिक आधारित आपदा तैयारी को सुदृढ़ करने में अग्रणी भूमिका को पुनः स्थापित करती है तथा अन्य राज्यों के लिए एक सशक्त मॉडल प्रस्तुत करती है।

# अस्पताल में उपचार कराने गए पत्रकार से चिकित्साकर्मियों ने की मारपीट, ज्ञापन दिया

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास (श्याम सुंदर कौशल)।** रूपवास कस्बे के उप जिला अस्पताल में अपना उपचार कराने गए पत्रकार से चिकित्साकर्मियों ने वीडियो बनाने पर मारपीट कर दी। जिस पर पत्रकार संघ ने उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल को जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया है। रूपवास रुदावल पत्रकार संघ ने उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल को दिए ज्ञापन में लिखा कि गहनौली निवासी संजय चौहान पुत्र भूरी सिंह पत्रकार दैनिक शेखावाटी अपने पैर का एक्स-रे करवाने के लिए कस्बे के राजकीय उप जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने की कतार में खड़ा था। ज्यादा भीड़ होने पर संजय ने भीड़ का वीडियो बनाना शुरु कर दिया। इसी दौरान एक अजीत नाम के युवक ने डीटीसी से आकर मोबाइल छीन लिया। साथ ही संजय को खींच कर प्रभारी लखन चौधरी के पास ले गया। जहां प्रभारी ने मनगढंत झूठे आरोप लगाकर गाली गलौज की। साथ ही प्रभारी लखन चौधरी संजय को क्वाटर में खींच कर ले गया। जिसके पीछे 6 अन्य कर्मचारी भी पहुंच गए। प्रभारी ने संजय को ले जाकर बैड पर पटक मारपीट करना शुरू कर दिया। इसी के साथ मौजूद 6 कर्मचारियों ने मारपीट करना शुरू कर दिया।

प्रभारी ने फोन कर पुलिस को बुला लिया। जिस पर क्वाटर पर पहुंचे एएसआई ने आते ही संजय के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने संजय को थाने ले जाने के लिए गाड़ी में बिठा लिया। इसी दौरान कुछ लोगों ने आकर संजय को बड़ी मुश्किल से छुड़ाया। उप जिला अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इसलिए इन कैमरों की फुटेज जांच करवाई जाए। हो सकता है चिकित्सा विभाग इन फुटेज की डिलीट भी कर सकता है। इस अवसर पर विष्णु धाकड़, लेखेंद्र, गुलशन कुमार, अनिल सिकरवार, संजय चौहान, चोवसिंह, महावीर आदि मौजूद थे।

# रात को थाने में युवती लाने पर दो कॉन्स्टेबल बर्खास्त

**भरतपुर एसपी की कार्रवाई, बाइक से पीछा कर वीडियो बनाने वाले युवक का मोबाइल छीना**

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर के भुसवार थाने में तैनात दो कॉन्स्टेबल को बर्खास्त कर दिया गया है। आरोप है कि इन दोनों कॉन्स्टेबल ने 22 फरवरी की रात करीब 12 बजे एक युवती को थाने लेकर आए थे। इसका वीडियो सामने आने के बाद एसपी दिगंत आनंद ने यह कार्रवाई की है।

इस पूरे मामले की जांच एएसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने बाइक का पीछा किया

बर्खास्त कॉन्स्टेबल का नाम सोनू और परमवीर है। इस पूरे मामले का वीडियो बनाने वाले युवक ने बताया- 22 फरवरी की रात करीब 12 बजे उसके घर के पास एक बाइक आकर रुकी। बाइक पर सवार दो युवक एक युवती को अपने साथ लेकर जा रहे थे। शक होने पर उसने बाइक का पीछा किया। बाइक सीधे भुसावर पुलिस थाने के अंदर पहुंची थी।

### मोबाइल छीनने और मारपीट का आरोप

युवक का आरोप है कि घटना का वीडियो बनाया तो थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और जब्त कर लिया। उसके साथ मारपीट की गई।

बताया जा रहा है कि युवती के परिजनों को जब घटना की जानकारी मिली तो वे थाने पहुंचे और उसे अपने साथ घर ले गए। बदनामी के डर से परिजनों ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# अलबेली होली यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

## अलबेली यात्रा ब्रज संस्कृति से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन - सिंघल



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** आगामी अलबेली होली शोभायात्रा को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने के उद्देश्य से यश शिक्षा सेवा संस्थान, पाई बाग में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हरिओम शर्मा ने किया। जिसमें संदीप तिवारी , नरेंद्र अवस्थी , नरेंद्र शर्मा एवं गोविंद दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में ओमप्रकाश सिंघल ने कहा कि यह अलबेली यात्रा ब्रज संस्कृति से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है। ब्रज में मनाई जाने वाली होली का आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पूरे देश में अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि यात्रा में ब्रज की पारंपरिक होली, रसिया, लोकगीत एवं विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक झांकियां शामिल की जाएंगी, जिससे ब्रज की समृद्ध परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यात्रा में मातृशक्ति की भागीदारी बराबर रूप से सुनिश्चित की जाएगी। ब्रज की होली में महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति सदैव से रही है और उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस आयोजन में भी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बैठक में उपस्थित सभी साथियों ने अधिकतम संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन देते हुए इसे सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान परिवार द्वारा ओमप्रकाश सिंघल का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

# भैसीना में आज होगी किसानों की बैठक

**पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह लेगे हिस्सा**

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** इआरसीपी - पीकेसी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने तथा बाणगंगा नदी में पानी लाने की माँग को लेकर कल बुधवार को भुसावर तहसील के ग्राम भैसीना में कई गाँवों के किसानों की बैठक होगी तथा इस कार्यक्रम में शतायू पूर्व सांसद पंडित रामकिशन तथा पानी आन्दोलन के संयोजक इन्दल सिंह जाट का सम्मान भी किया जायेगा। किसान नेता इन्दल सिंह ने बताया कि इस मिट्रिंग में खेती और किसानों की तमाम समस्याओं पर विचार विर्मश होगा । उन्होंने कहा की इआरसीपी का विगत दो वर्ष पूर्व जयपुर में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उदघाटन करके गये थे लेकिन अभी तक पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया गया है जबकि लगभग सभी जिलो में सिंचाई और पेयजल का संकट है । बाणगंगा नदी कई दशकों से सूखी पड़ी हुई है । ग्राम भैसीना में संतोषी माता के मन्दिर में कार्यक्रम होगा। इस मौके पर आयोजकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा।

# बीकानेर में नाबालिग दुष्कर्म हत्या का मामला, बयाना में सैन समाज ने रैली निकालकर कर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बयाना (अमन झालानी)।** बीकानेर जिले में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की घटना को लेकर भरतपुर जिले के बयाना कस्बे में सैन समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार को सैन समाज के विभिन्न संगठनों ने बाजारों में रैली निकालकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बालिका परीक्षा देने गई थी। आरोप है कि रास्ते में आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी और शव को पुलिस थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर फेंककर फरार हो गए। प्रदर्शनकारियों ने इसे पुलिस प्रशासन की गंभीर लापरवाही करार देते हुए कहा कि घटना से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। रैली में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लेकर पीड़िता को न्याय दो और हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाते हुए मुख्य बाजारों से गुजरे। बाद में उपखंड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठनों की ओर से आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाते हुए फांसी की सजा देने, पीड़िता के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। इस दौरान राष्ट्रीय नाई महासभा राजस्थान प्रदेश इकाई, नवयुवक मंडल सैन समाज, बारबर एसोसिएशन बयाना एवं समस्त सैन समाज तहसील बयाना के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। रैली में हुकुम सिंह सैन, नंदकिशोर सैन, हरकेश, सुनील कुमार, नंदकिशोर, जीवनलाल, मोहनसिंह, जीतेन्द्र, राहुल सैन, विष्णु, घनश्याम, हरिशंकर, सुंदर, रामेश्वर, दिनेश चंद्र, विनोद, शशि, कुलदीप, अंकित और नरेश सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# खाचरियावास का दावा- बीजेपी विधायकों ने कहा परंपरा

**कहा- भाजपा कार्यालय के बाहर ऐसा करके दिखाएं, गोवंश का कटा सिर मिलने पर निकाला पैदल मार्च**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश की सियासत में गर्माहट बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने गौवंश का कटा सिर मिलने की घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा। खाचरियावास का दावा करते हुए कहा कि बीजेपी विधायकों ने कहा परंपरा, उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यालय के बाहर ऐसा करके दिखाएं। उन्होंने सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया और विरोध स्वरूप पैदल मार्च निकाला। खाचरियावास ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री आवास और राजभवन का घेराव किया जाएगा। इस मुद्दे को लेकर समर्थकों में भी आक्रोश देखा गया। ये बयान उन्होंने जयपुर के सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र के किशोरपुरा में गाय के बछड़े का कटा हुआ सिर मिलने के मामले में दिया है।

# संत गाडगे महाराज भारत में स्वच्छता के प्रथम जनक थे - वैरवा

**डीग में रजक सेवा उत्थान समिति द्वारा समारोह पूर्वक बनाई गई संत गाडगे महाराज की जयंती**




बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** शहर के मेला मैदान स्थित नेहरू पार्क में रजक समाज सेवा उत्थान समिति के तत्वावधान में संत गाडगे महाराज की जयंती रजक समाज के संभागीय अध्यक्ष कन्हैयालाल अखरिया की अध्यक्षता और सी ओ सीता राम बैरवा के सानिध्य में समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि राजस्थान एबीडीएम के प्रांतीय अध्यक्ष कन्हैयालाल चौहान थे। विशिष्ट अतिथियों में तहसील अध्यक्ष राजवीर सिंह कुम्हेर, नरेश कुमार सीकरी, जगदीश पहाड़ी गोपालगढ़, जगदीश चौहान कामा, भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष पप्पूराम कामा, मोतीराम एवं प्रेम सिंह बेचैन शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संत गाडगे महाराज, नगरसेन महाराज एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर संत गाडगे महाराज के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सीओ सीताराम वैरवा ने संत गाडगे को भारत में स्वच्छता आंदोलन का प्रथम जनक बताते हुए कहा कि संत गाडगे महाराज ने महाराष्ट्र में गांव-गांव जाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि संत गाडगे के एक हाथ में झाड़ू, दूसरे में खपरा, हाथ में डंडा और शरीर पर केवल एक चादर ही उनकी संपत्ति थी। वे रात्रि में चौपालों पर कीर्तन कर लोगों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करते थे और शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहते थे कि घर के बर्तन बेचकर भी बच्चों को पढ़ाओ।

कार्यक्रम के दौरान श्रुति कुसुमाकर एवं वैष्णवी कुमारी ने काव्य पाठ कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री लोहागढ़ साहित्य समिति के अध्यक्ष कवि चंद्रभान वर्मा 'चंद्र' ने संचालन करते हुए अपनी कविताओं से वातावरण को जीवंत बनाए रखा। महिलाओं ने नगरसेन बाबा के गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीग जिलाध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, अध्यक्ष पदम सिंह, महामंत्री विष्णु चौहान, सुखपाल चौहान, सुरेंद्र कुमार, पूर्व पार्षद मुन्नालाल, बच्चू सिंह बदनगढ़, विष्णु कुम्हेर सहित बड़ी संख्या में रजक समाज के लोग उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों,कर्मचारियों और नेताओं पर कार्यवाही जारी रहेगी : खान

## एसीबी अलवर चौकी प्रथम की बड़ी कार्यवाही,15 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** बानसूर नगर पालिका क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान (एसीबी) की अलवर स्थित प्रथम चौकी की टीम ने एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई वृताधिकारी शब्बीर खान के नेतृत्व में की गई।



वृताधिकारी शब्बीर खान ने बताया कि परिवादी द्वारा बताया गया था कि उसने स्वयं और भाभी के नाम से खोहरी गाँव में पाँच बीघा जमीन 22जनवरी 2026को खरीदी थी जिसकी रजिस्ट्री भी तहसीलदार बानसूर द्वारा उसी दिन कर दी गईं थी। उन्होंने बताया कि परिवादी ने हल्का पटवारी से इंतकाल खोलने एवं रहन का राजस्व रिकार्ड में अंकन करवाने के लिए अपील की थी। जिसकी एवज में पटवारी अतुल कुमार यादव ने 15हजार रूपये की रिश्वत की मांग की गईं। खान ने बताया कि परेशान परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में अपनी शिकायत दी, जिसका सत्यापन 6फरवरी 2026को करवाया गया, जिसमें गिरफ्तार हल्का पटवारी अतुल कुमार यादव द्वारा रिश्वत मांगना सत्य पाया गया। उन्होंने बताया कि सत्यापन के बाद एसीबी चौकी अलवर प्रथम के पुलिस महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरवीजन और वृताधिकारी शब्बीर खान के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम दिया गया। खान ने बताया कि आरोपी पटवारी अतुल कुमार यादव को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है और अभी अनुसन्धान जारी है। वहीं यह कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव में आरोपी पटवारी से पूछताछ जारी है। यह कार्यवाही 24फरवरी 2026के एसीबी मुख्यालय जयपुर के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता के आदेशानुसार हुई है। एसीबी के अनुसार मामले में अनुसंधान जारी है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई 24 फरवरी 2026 को एसीबी मुख्यालय जयपुर के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता के निर्देशानुसार की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। कार्रवाई की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हलचल देखी गई। सूत्रों के मुताबिक विभिन्न विभागों में भी सतर्कता बढ़ी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वृताधिकारी शब्बीर खान ने कहा कि किसी भी कर्मचारी, अधिकारी या जनप्रतिनिधि के विरुद्ध शिकायत मिलने और सत्यापन में आरोप सही पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान जारी रखेगा।

# गायत्री परिवार द्वारा हवन का कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मंगलवार शाम पूर्वी जोन क्षेत्र के सूरज नगर जनता कॉलोनी अलवर में गायत्री महिला मंडल द्वारा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में महिला पुरुषों की भागीदारी रही। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि महिला मंडल द्वारा इसी क्षेत्र में अप्रैल माह के प्रारंभ में 5 कुंडी गायत्री महायज्ञ कराने का संकल्प लिया गया। जवाहर नगर एमुंगस्का अलवर में श्री रमेशचंद खत्री के आवास पर गायत्री परिवार के चौधरी चरणसिंह द्वारा गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया कार्यक्रम गायत्री परिवार के श्री मुरारीलाल शर्मा सहायक प्रबन्ध ट्रस्टी एवम चौधरी चरणसिंह की टोली द्वारा संपन्न कराया गया।

# पेंशनर समाज अलवर के सहयोग से संगीता गौड़ की प्रेरणा से बालेटा गांव की एक गरीब विधवा को मिला राशन किट

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रा0 बा0 उ0 मा0 वि0 बालेटा की प्रधानाचार्य रक्तवीर संगीता गौड ने बताया की सुनीता हरिजन के पति का



बीमारी के कारण देहांत हो गया था। उसके घर मे उसके पति के अलावा ओर कोई कमाने वाला नहीं रहा उसके चार छोटे छोटे बच्चे है जिनका लालन पालन करना मुश्किल हो गया है। उसके चारो बच्चे बालिका विद्यालय मे पढ़ते है उनके सामने अब खाने की विकट समस्या हो गयी है। ये सब समस्याओ को प्रधानाचार्य संगीता गौड़ ने महसूस किया और अपनी दया भावना से उसी दिन से इस प्रयास मे लग गयी की मैं किसी भी तरह इनकी हेल्प कर सकूँ ओर अपने स्तर पर कुछ समाजसेवीयों से बातचीत की। रक्तवीर संगीता गौड की इस बात पर अलवर के समाजसेवी इंजी0 अशोक मेठी ने इस परिवार की मदद करने के लिये कदम बढ़ाया। अशोक मेठी अलवर के पेंशनर समाज से जुडे हुए ओर ये समाज ऐसे गरीब जरूरतमंद लोगों को राशन किट उपलब्ध करवाता है। समाज के अध्यक्ष मधुसूदन को इस बात से अवगत करवाया गया जो संगीता गौड़ को उनके द्वारा किये गए कार्यों को जानते थे उन्होंने तुरंत उस महिला को राशन किट उपलब्ध करवाई ओर आगे भविष्य मे भी उसकी मदद करने का आश्वासन दिया गया। प्रधानाचार्य संगीता गौड अशोक मेठी जी की एक छोटी सी कोशिश से आज एक परिवार को भूखा नहीं रहना पडेगा इस कार्य मे राशन को अलवर से उस विधवा महिला तक राशन पहुंचाने मे प्रदीप गाँधी जी पूरा सहयोग रहा है ।

# सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अजमेर द्वारा 'स्कूलों में जेंडर सेंसिटिविटी' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** अवर लेडी ऑफ पिलर कॉन्वेंट स्कूल, जोधपुर में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अजमेर द्वारा 'स्कूलों में जेंडर सेंसिटिविटी' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल से जयप्रकाश नारायण तथा सरदार दून स्कूल से शाहिस्ता अल मुक्तम ने मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान जेंडर कंस्ट्रक्ट, जेंडर सेंसिटिव स्कूल, जेंडर सेंसिटिव पेडागॉजी, शिक्षण-अधिगम सामग्री तथा जेंडर सेंसिटिव कक्षा वातावरण और अंत:क्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सोलंकी मयूरीबेन ने प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और सभी उपस्थित शिक्षकों ने इससे लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका ने जयप्रकाश नारायण एवं शाहिस्ता अल मुक्तम का स्वागत किया तथा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सैन समाज ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** बीकानेर जिले के रंजीतपुरा गाँव में सैन




समाज की बालिका वसुंधरा के साथ हुई घटना के विरोध में सैन समाज तहसील राजगढ़ ने उपखंड अधिकारी राजगढ़ को मुख्यमंत्री के नाम बालिका के साथ उचित न्याय दिलाने के क्रम में ज्ञापन सौंपा। महावीर सैन ने बताया कि बीकानेर जिले में रंजीतपुर गांव की बालिका कक्षा 8 के पेपर देने जा रही थी उसे समय दरिंदे द्वारा रेप व हत्या की गई। हथियारों को फांसी की सजा वह पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के क्रम में ज्ञापन दिया गया। समाज के हनुमान सैन, कालू सैन, कैलाश नीमला, महेश सैन, हरिमोहन, विनय, अरविन्द, सीताराम, आदित्य, रवि, लखन सहित समाज बंधू मौजूद रहे।

# माता शीतला सेवा समिति की बैठक संपन्न शीतलाष्टमी मेला, जागरण और माता का दरबार बनाने संबंधी निर्णय पारित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** मालाखेड़ा दरवाजा राजगढ़ में स्थित शीतला माता सेवा समिति की बैठक श्रीआश्रय स्थल मंदिर परिसर में वीरेंद्र दाधीच की अध्यक्षता में संपन्न हुईं। उपाध्यक्ष श्याम सुंदर विजय ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह शीतला अष्टमी का जागरण और मेला भरने संबंधित प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्य ने प्रस्ताव पर एक मत से पारित किया। इसी प्रकार पंचायती पुस्तकालय के अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा ने माता का दरबार में मंड बनाने का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी ने अपनी सहमति जाहिर की। नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि प्रात: काल सुबह शीतला अष्टमी को माता का 108 घड़ों से जलाभिषेक किया जाएगा माता का पूजन व रात्रि को जागरण किया जावेगा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में उनकी सभा में पहुँचे कार्यकर्ता-रावत

## 28 फरवरी 2026को प्रधानमंत्री मोदी का राजस्थान दौरा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** विधानसभा क्षेत्र के मण्डल नीमूचाना में मण्डल अध्यक्ष कांता सतेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अलवर जिला उत्तर के जिला महामंत्री और बानसूर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रमेश रावत ने कहा कि नीमूचाना मण्डल के भाजपा कार्यकर्त्ता इतने कमजोर नहीं हैं कि अन्य 4मण्डलों से भी कम संख्या में अजमेर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 28 फरवरी 2026को प्रदेश के अजमेर में दौरा प्रस्तावित है। जिसकी तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा पूरी तैयारी कर रही है। इस कार्यक्रम में नीमूचाना मण्डल के सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज करवावें जिससे विधानसभा क्षेत्र के अन्य मण्डलों में नीमूचाना मण्डल का नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष या भाजपा के अन्य नेताओं द्वारा मंच से गर्व के साथ कहा जा सकें कि प्रदेश में नीमूचाना मण्डल सबसे आगे और भाजपा की नीतियों को लेकर समर्पित है। वहीं विधानसभा क्षेत्र बानसूर के संगठन प्रभारी जिला महामंत्री रमेश रावत ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में उनकी सभा में पहुँचने का आव्हान किया। बैठक का आयोजन मण्डल अध्यक्ष कांता सतेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। अलवर जिला उत्तर के उपाध्यक्ष नगेन्द्रसिंह चैनपुरा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष संदीप चौधरी,मण्डल महामंत्री जयचन्द सैनी, मण्डल उपाध्यक्ष भरत सिंह,प्रेमचन्द, मण्डल मंत्री जगमोहन,रविकांत,जीतेन्द्रसिंह,राधेश्याम सैनी,सरपंच देवीसिंह कराणा,सुरेन्द्र योगी,अशोक स्वामी,हरिओम सहित काफ़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



बाल्मीकि समाज के लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# बाल्मीकि समाज का बेटा नहीं मिला तो दो दिन के बाद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था होगी बन्द



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** बानसूर नगर पालिका क्षेत्र से एक युवक जो शादी विवाह समारोह में उत्साह और मनोरंजन के लिए बाजा बजाने आया था वह पिछले दिनों से गायब बताया जा रहा है। इस प्रकरण को लेकर बाल्मीकि समाज के गणमान्य लोगों सहित,गिरुड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सोनी और युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव व युवा कांग्रेस नेता राजेश बागड़ी के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गईं कि यदि दो दिवस में उचित कार्यवाही नहीं हुई तो बानसूर नगर पालिका क्षेत्र सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था बन्द कर दी जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन सहित पुलिस की होगी। वहीं उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि हमने मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर को बुलाया है और उन्होंने उनके द्वारा की गईं उचित कार्यवाही से मुझे अवगत कराया गया है जिससे मैं संतुष्ट हूँ। उधर बानसूर के थानाधिकारी हरित ने बताया कि जो भी उचित कार्यवाही होगी उपखण्ड प्रशासन करेगा। वहीं बाल्मीकि समाज के युवक के गायब होने को लेकर बाल्मीकी समाज सहित विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष व युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजेश बागड़ी सहित परिजनों और बाल्मीकि समाज के बबलू बाल्मीकि ने कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे भाई की दो दिवस में खोजबीन की उचित कार्यवाही नहीं हुई तो हमें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन और राजस्थान सरकार के शासन की होगी।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम के जागरूकता अभियान का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, उप क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर द्वारा साइबर पार्क, जोधपुर में स्थित आनंद राठी प्राइवेट लिमिटेड जोधपुर के कार्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ईएसआईसी की सेवा और सामाजिक सुरक्षा के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया। आयोजन में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकरण एवं देय विभिन्न हितलाभों की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के संयुक्त निदेशक श्री संजय राणा, सहायक निदेशक श्री नरेश कुमार दहपिया, शाखा प्रबन्धक श्री राजेश लखेरा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री दिलीप एवं आनंद राठी प्राइवेट लिमिटेड के एचआर मैनेजर सुश्री प्रतिभा भण्डारी उपस्थित रहे।

कपकजा स्पोर्ट्स लीग 2026 का भव्य आयोजन संपन्न

# कपकजा स्पोर्टस लीग 2026 में बैडमिंटन और क्रिकेट दोनों का खिताब खेतान वॉरियर्स के नाम रहा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एलुमनाई एसोसिएशन (कपकजा) द्वारा आयोजित दो दिवसीय कपकजा स्पोर्ट्स लीग 2026 का आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को कैप बैडमिंटन एकेडमी और जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में एसोसिएशन सदस्यों एवं उनके परिजनों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। पहले दिन 21 फरवरी को बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें खेतान वॉरियर्स की टीम विजेता बनी। फाइनल मुकाबला खेतान फ्रंटियर और खेतान वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की डबल्स श्रेणी में राजीव भार्गव और अजय शर्मा विजेता रहे, जबकि सुरेंद्र वर्मा और अध्यक्ष जी.पी. शर्मा उपविजेता रहे। फीमेल मिक्स वर्ग में गरिमा यादव और दिव्यांशी जांगिड ने जीत दर्ज की। गरिमा यादव बेस्ट फीमेल खिलाड़ी तथा हर्षित यादव बेस्ट मेल खिलाड़ी चुने गए। दूसरे दिन 22 फरवरी को क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व प्राचार्य ओ.पी. हरकूट ने किया। एसोसिएशन अध्यक्ष जी.पी. शर्मा ने बताया कि यह पांचवां स्पोर्ट्स टूर्नामेंट है, जिसका उद्देश्य आपसी संबंधों को मजबूत करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। लीग और फाइनल में अर्धशतक लगाकर अमित कवीश्वर मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने। फाइनल में खेतान वॉरियर्स ने 146 रनों का लक्ष्य 3 गेंद शेष रहते 8 विकेट से हासिल कर खिताब जीता। निखिल जिंगर ने निर्णायक अर्धशतक लगाया।



# कलक्टर ने किया विभिन्न कार्यालयों एवं विकास कार्यों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने मंगलवार को सरदार स्कूल के पास स्थित राजकीय अंबेडकर छात्रावास परिसर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला एवं ब्लॉक कार्यालय तथा सहायक निदेशक बाल अधिकारिता कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय निरीक्षण के दौरान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिला कलेक्टर ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर प्रत्येक पात्र को योजनाओं से लाभान्वित करने एवं जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में संधारित विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर सभी जानकारी नियमित रूप से अपडेट करने को कहा।



### छात्रावास का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जिला कलेक्टर ने कोटपूतली स्थित राजकीय अंबेडकर छात्रावास में छात्रों से संवाद करते हुए छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन एवं अध्ययन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावास की व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने छात्रों को निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। जिला कलक्टर ने पाना देवी महाविद्यालय में निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया एवं निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता उपयुक्त रखने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गोपालपुरा रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास एवं राजकीय सावित्रीबाई फुले छात्रावास में छात्राओं से अध्ययन एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के मानक अनुरूप संचालन एवं नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने रामसिंहपुरा में निर्माणाधीन छात्रावास भवन का अवलोकन कर भवन की ऊंचाई भू-तल से पर्याप्त रखने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति से बचाव सुनिश्चित हो सके। साथ ही खरखड़ी में निर्माणाधीन कामकाजी महिला छात्रावास के निरीक्षण के दौरान कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### पीएम श्री विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

पुरणनगर के पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण करते हुए जिला कलक्टर ने विद्यालय में संधारित रजिस्टरों की जांच की तथा शौचालयों की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था एवं शिक्षण गुणवत्ता का अवलोकन किया गया। उन्होंने विद्यालय में सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विद्यालय में पीएम श्री योजना के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में गहन निरीक्षण कर उनके नियमित संचालन की बात कही। विद्यालय में सोलर, हेल्थ कैम्प, बाल वाटिका, संविधान कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, 21वीं सदी के कौशल, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, यूथ एण्ड ईको कल्ब, पोषाहार आदि गतिविधियों का अवलोकन किया।उन्होंने कक्षा-कक्षों के निरिक्षण के दौरान विद्यार्थियों से विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों का फीडबैक लिया।उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न पुछकर उनके शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया व सराहना कर उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर एसडीएम रामावतार मीना और समाज कल्याण अधिकारी विपिन, सीबीईओ हिम्मत कौर पंवार, एसीबीईओ पूरणमल कसाना व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में पारा 35 डिग्री पर पहुंचा

### बाड़मेर, जयपुर, बीकानेर में रात की सर्दी कम हुई; न्यूनतम तापमान 16 डिग्री से ऊपर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में दिन में पारा चढ़ने से गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले 48 घंटे में तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं, होली तक राज्य के कुछ शहरों का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। सोमवार को बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। 20 से ज्यादा शहरों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर, बीकानेर, बाड़मेर में रात में भी सर्दी अब कम हो गई। यहां न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर दर्ज हो रहा है।

#### हल्की बारिश से बदला मौसम

- पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ शहरों में सोमवार सुबह से हल्के बादल छाए रहे। जयपुर, टोंक के एरिया में कहीं-कहीं हल्की बारिश, बूंदाबांदी हुई।
- जयपुर, टोंक के अलावा अलवर, सीकर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ के एरिया में आसमान में हल्के बादल छाए रहे। जबकि पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के जिलों में आसमान साफ रहा और तेज धूप रही।
- जयपुर में सोमवार को अधिकतम तापमान 29 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि कोटा में 30 .9, अजमेर में 30 .6, पिलानी, नागौर में 30 .7, बारां में 30 .3 और निवाई (टोंक) में 30 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

#### रात में सर्दी कम, न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री ऊपर

- दिन में तापमान बढ़ने और गर्मी बढ़ने के साथ अब सुबह-शाम की सर्दी भी कई शहरों में बहुत कम हो गई। जयपुर में सोमवार को न्यूनतम तापमान 19 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

### दिल्ली से लेह जा रही थी, 150 यात्री सवार थे; उड़ान के दौरान इंजन में खराबी आई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के बोइंग 737 प्लेन की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। फ्लाइट स्त्र-121 ने मंगलवार सुबह 6.08 बजे दिल्ली के ही आईजीआई एयरपोर्ट से लेह के लिए उड़ान भरी थी। कुछ देर बाद प्लेन के इंजन-2 में खराबी आ गई। इसके बाद पायलट ने प्लेन वापस दिल्ली की ओर मोड़ लिया। फ्लाइट की 6.49 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 150 यात्री-क्रू सवार थे। घटना पर एयरलाइन ने कहा है कि फ्लाइट की सेफ लैंडिंग हुई है। कॉकपिट में किसी तरह की आग का अलर्ट नहीं मिला था। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## सीएम बोले-हिमाचल भवन में दिल्ली पुलिस की रेड दुर्भाग्यपूर्ण

### उन्हें व आरसी को जानकारी नहीं, ऋष्ठत्न का मसला लोकसभा में उठाएगी कांग्रेस

बढ़ता राजस्थान

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली स्थित हिमाचल भवन में पुलिस रेड को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। दिल्ली से लौटने के बाद शिमला में मीडिया से बातचीत में सीएम ने कहा कि रेड की सूचना न तो रेजिडेंट कमिश्नर और न ही उन्हें दी गई। उन्होंने कहा कि वह खुद भी हिमाचल सदन में ठहरे हुए थे और उन्हें विधायक सुरेश कुमार ने पुलिस रेड की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के उस बयान पर भी पलटवार किया जिसमें उन्होंने कहा था कि हिमाचल भवन की बुकिंग सीएम ऑफिस से होती है। सुक्खू ने कहा कि हां वह बुकिंग करते हैं। यूथ कांग्रेस के साथ साथ आम जनता, नेताओं और पत्रकारों को भी कमरा देते हैं। लोग हिमाचल भवन में ठहरने का किराया चुकाते हैं।

सीएम सुक्खू ने युवा कांग्रेस के प्रदर्शन पर कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कोई गुनाह नहीं है। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था।

## पूर्व विधायक कॉमरेड हेतराम बेनीवाल का निधन

### 94 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, किसानों के लिए सरकारों को झुकाने वाली आवाज खामोश

बढ़ता राजस्थान



**श्रीगंगानगर।** राजस्थान की वामपंथी राजनीति और किसान-मजदूर आंदोलनों का बड़ा चेहरा रहे माकपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व विधायक हेतराम बेनीवाल का 23 फरवरी की रात निधन हो गया। 94 वर्षीय बेनीवाल ने श्रीगंगानगर के टांटिया अस्पताल में रात 10:58 बजे अंतिम सांस ली। वे तीन दिन पहले हीमोग्लोबिन की कमी के कारण हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। ब्लड ट्रांसफ्यूजन के बाद उन्हें हैवी निमोनिया हो गया, जिससे उनकी हालत बिगड़ती चली गई। सोमवार रात 12:30 बजे उनका पार्थिव शरीर उनके निवास 8 एलएनपी ले जाया गया। अंतिम संस्कार मंगलवार शाम 4 बजे पैतृक गांव 8 एलएनपी में किया जाएगा। जनसंघर्षों से निकले इस जननेता का राजनीतिक सफर छह दशकों से अधिक समय तक सक्रिय रहा। किसानों-मजदूरों लिए आंदोलन कर दो बार सरकारों को निर्णय बदलकर झुकने पर मजबूर कर दिया था। उनकी पत्नी चंद्रावली देवी का पिछले वर्ष निधन हो चुका है। परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं।

# मोदी पर एपस्टीन-अडाणी के केस का दबाव : राहुल

## पीएम ने अमेरिका से देश बेचने की डील की, भोपाल में कांग्रेस की किसान महाचौपाल

बढ़ता राजस्थान





**भोपाल (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया। राहुल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था। राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया।

#### राहुल गांधी के भाषण की 5 बड़ी बातें

मोदी ने बिना कैबिनेट से पूछे अमेरिका से डील की- प्रधानमंत्री ने लोकसभा से निकलते ही ट्रंप को फोन किया और बिना कैबिनेट से सलाह लिए डील के लिए तैयार होने की बात कह दी।

किसानों और देश के हित से समझौता किया- सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा।

अमेरिका से ट्रेड डील दबाव में की गई - अमेरिका से ट्रेड डील दबाव और धमकी के कारण किया गया। एपस्टीन फाइल और अडाणी से जुड़े मामलों की वजह से सरकार झुकी।

भारत को कुछ नहीं मिला, उल्टा नुकसान होगा - इस डील से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ। भारत को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और हर साल अमेरिका से भारी मात्रा में सामान खरीदना पड़ेगा।

देश की इंडस्ट्री और टेक्सटाइल सेक्टर पर खतरा - अगर अमेरिका से कपास और अन्य सामान सस्ते में आएंगे, तो भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री और स्थानीय उद्योग कमजोर हो जाएंगे।

#### मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- मोदी ने किसानों के साथ छल किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी, सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे। मोदीजी कांग्रेस शासन में पैदा हुए, उन्हें अपना नाम बदल लेना चाहिए।

#### खड़गे के भाषण की 3 बड़ी बातें

- प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए- अगर नाम बदलना ही राजनीति है तो प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए, क्योंकि उनका जन्म कांग्रेस शासनकाल में हुआ था। उन्होंने मनरेगा समेत कई योजनाओं के नाम बदलने पर सवाल उठाए।
- मोदी ट्रम्प के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं रखते- प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से अपनी बात नहीं रख पाते और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दबाव में फैसले लेते हैं।
- सरकार अमेरिकी दबाव में फैसले ले रही- पहले भारत को व्यापार में लाभ होता था, लेकिन अब नीतियां ऐसी हैं कि देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार अमेरिकी दबाव में फैसले ले रही है, जिससे किसानों के हित प्रभावित हो रहे हैं।

# अजमेर में हिंदुओं के चादर चढ़ाने से मुझे दिक्कत है : धीरेंद्र शास्त्री

## अपने बाप को बाप कहो, अपने ग्रैंड फादर के यहां पुष्कर आया करो

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर।** बागेश्वर धाम के पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा- मेरी इच्छा है कि पुष्कर में एक मठ बनाएं। क्योंकि हम चाहते हैं कि अजमेर के हिंदू मठ में आएं, क्योंकि चादर चढ़ाने जाते हैं, इससे मुझे दिक्कत है। किसी और मजहब में जन्म हुआ होता तो बिना फोटो के पूजा कर रहे होते। सनातन धर्म महान है। इसमें महिलाओं को पूज्य माना जाता है। हमारे यहां राम सीता नहीं बल्कि सीताराम कहा जाता। सनातन धर्म अद्भुत है। अपने बाप को बाप कहो, दूसरों के बाप को क्यों बाप बना रहे हो। अजमेर के हिन्दुओं, अपने ग्रैंड फादर के यहां पुष्कर आया करो। पुष्कर के नए मेला मैदान में धीरेन्द्र शास्त्री ने कथा के दूसरे मंगलवार को यह बात कही। कथा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धीरेंद्र शास्त्री ने हल भेंट किया।

#### हम किसी पार्टी के नहीं

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- हम किसी पार्टी के नहीं, लेकिन जो काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए, वह कोई नहीं कर सकता। चाहे वो राम मंदिर बनाना हो या केदारनाथ का काम।

#### सीएम बोले- आने वाले समय में पुष्कर की छंटा अलग ही दिखेगी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शक्ति और भक्ति की धरती है। सनातन और संस्कृति के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। आने वाले समय में पुष्कर की छंटा अलग ही दिखेगी। पुष्कर के विकास के लिए डीपीआर बन गई है। प्रदेश के मंदिरों के लिए 100 करोड़ रुपए दिए हैं। ताकि प्रथम चरण में काम कर सके। कोई भी काम हो, हमारी संस्कृति में सबको साथ लेकर चलते हैं। प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारी के लिए आया था और आपके दर्शन से एक पंथ दो काज हो गए। आपके माध्यम से जनता का आशीर्वाद मिला। धीरेंद्र शास्त्री जो सनातन की ज्योति को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पुष्कर में जो आयोजन किया है, युवाओं के मन में जो सनातन संस्कृति के लिए ज्योत जलाई, उसके लिए वंदन।

## पीएम की 28 को प्रस्तावित अजमेर यात्रा

### मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर किया तैयारियों का अवलोकन



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अजमेर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। शर्मा ने सभा स्थल कायड़ विश्राम स्थली का अवलोकन किया और उच्च अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शर्मा ने आयोजन स्थल पर आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग, यातायात, सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि यातायात सुचारू रहने के साथ पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस मौके पर राजस्थान को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास की सौगातें देंगे। इस दौरान एचपीवी वैक्सीन की लॉन्चिंग भी की जाएगी। साथ ही, बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए। इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री 25-26 फरवरी को इजराइल दौरे पर, रणनीतिक साझेदारी पर होगी व्यापक चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर 25-26 फरवरी, 2026 को इजराइल की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। यह प्रधानमंत्री की इजराइल की दूसरी यात्रा होगी।

**रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा**-यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा एवं सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार और अर्थव्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे।

**क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श**-दोनों नेताओं के बीच पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होने की उम्मीद है। यह बैठक द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## दूसरे राज्यों से आए पैसेंजर्स फंसे, बस-टैक्सी की हड़ताल

### वार्ता विफल; जयपुर में लोगों को खींचकर उतारा; सूरत में भी 300 बसों के थमे पहिए

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में प्राइवेट बसों और टैक्सियों की हड़ताल से लाखों पैसेंजर्स फंस गए हैं। करीब 35 हजार बसें सोमवार रात 12 बजे से नहीं चल रही हैं। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर जयपुर, कोटा, उदयपुर, सीकर सहित अधिकतर शहरों में नजर आ रहा है। हड़ताल के कारण खाटूश्याम मेले के लिए दूसरे राज्यों से आए यात्री जयपुर में ही फंस गए। उदयपुर में एक पैसेंजर्स अहमदाबाद जाने के लिए परेशान होता नजर आया। उसकी मां हॉस्पिटल में एडमिट है। जयपुर में जो बसें सवारियां लेकर जा रही थीं, उन्हें बस ऑपरेटर्स ने खाली करवा दिया। पैसेंजर्स को बसों में से खींचकर उतारा गया। इस दौरान बस ऑपरेटर्स और आरटीओ इंस्पेक्टर में बहस भी हुई।

पैसेंजर्स की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए जयपुर में पुलिस की भी तैनाती की गई है। हड़ताल प्रभावित शहरों के रेलवे स्टेशनों पर भी अचानक भीड़ बढ़ गई है।

आरटीओ (राजस्थान) की ओर से किए जा रहे भारी-भरकम जुर्मानों के विरोध में सूरत (गुजरात) के लग्जरी बस संचालकों ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। सूरत से राजस्थान आने वाली 300 से ज्यादा बसों के पहिए थम गए हैं।

## फाल्गुनी लक्खी मेले में अब तक पहुंचे 4 लाख श्रद्धालु

### चौथे दिन श्याम रंग में रंगा खाटू, मेरठ, बंगाल और सूरत से आए फूलों से हुआ बाबा का श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान



**सीकर।** सीकर के खाटू श्याम मंदिर में चल रहे बाबा श्याम के फाल्गुनी लक्खी मेले का मंगलवार को चौथा दिन है। मेले में अब तक करीब 4 लाख श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन कर चुके हैं, जबकि आज 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। हालांकि, अभी तक जिगजैग बैरिकेडिंग नहीं खोली गई है। वहीं मेले के चौथे दिन बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार मेरठ, बंगाल और सूरत से आए देशी और ग्राफ्टेड गुलाबों से किया गया। 21 फरवरी से शुरू हुआ फाल्गुनी मेला 28 फरवरी तक चलेगा।

#### 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' जयकारों की खाटू में गूंज

अब मेले का रंग पूरी तरह जमने लगा है और चारों ओर हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है। रींगस, मंढा और पचार की ओर से आने वाले मार्गों पर निशान पदयात्रियों के जत्थे बड़ी संख्या में खाटू की ओर बढ़ रहे हैं। हर उम्र के श्रद्धालु नाचते-गाते, हाथों में पीले निशान थामे, भजनों की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

#### फूलों से मनमोहक श्रृंगार

मेले के चौथे दिन बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार मेरठ, बंगाल और सूरत से आए देशी और ग्राफ्टेड गुलाबों से किया गया। सफेद वस्त्र पर नीले फूलों की कढ़ाई वाला बागा धारण कराए गए श्याम बाबा का दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहा है। मंदिर परिसर को लाल, पीले और सफेद कपड़ों से सजाया गया है, जिन पर लटकती घंटियां हवा के संग मधुर संगीत बिखेर रही हैं। थर्माकोल शीट पर गोल्डन गढ़ाई कर आकर्षक सजावट की गई है।

**बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस**

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार